


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 225

ग्वालियर, बुधवार, 6 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## उपचुनाव का घमासान...कांग्रेस के प्रत्याशी तय

# खंडवा से राजनारायण सिंह होंगे कांग्रेस उम्मीदवार!

### रैगांव से कल्पना वर्मा और जोबट से महेश पटेल होंगे प्रत्याशी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की 4 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस में चल रही कशमकश अब खत्म होती हुई नजर आ रही है। सबसे ज्यादा सरगर्मी वाली खंडवा सीट पर राजनारायण सिंह पार्टी प्रत्याशी हो सकते हैं। पार्टी ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस ने पृथ्वीपुर से नितेंद्र सिंह का नाम घोषित कर दिया है। इसलिए इसे छोड़कर बाकी बची 3 सीटों पर 2 नामों का पैनल तैयार किया था। सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि 3 सीटों पर पार्टी ने एक-एक नाम तय कर लिया है। खंडवा सीट पर पार्टी ने पूर्व विधायक राज नारायण सिंह और मौजूदा विधायक सचिन बिरला का नाम पैनल में रखा था। लेकिन पार्टी ने राज नारायण सिंह के नाम पर अपनी सहमति दे दी है। अरुण यादव यदि राजनारायण के नाम पर राजी होते हैं तो जल्द उनके नाम की घोषणा हो जाएगी।

**जोबट में महेश पटेलः** अरुण यादव के खंडवा से चुनाव नहीं लडने के ऐलान के बाद पार्टी ने पूर्व विधायक राज नारायण सिंह को उम्मीदवार बनाने का मन बना लिया है। राज नारायण सिंह दिग्विजय सिंह के करीबी माने जाते हैं और ऐसे में खंडवा सीट पर कांग्रेस की जीत का दारोमदार दिग्विजय सिंह पर होगा। वहीं कांग्रेस ने जोबट पर भी उम्मीदवार तय कर लिया है। महेश पटेल को कांग्रेस पार्टी यहां से उम्मीदवार बनाने जा रही है। सुलोचना रावत के दल बदल कर बीजेपी में शामिल होने के बाद पार्टी ने महेश पटेल के नाम पर सहमति दी है।

**रैगांव में कल्पना वर्माः** इसके अलावा रैगांव सीट पर भी 2 नाम का पैनल तैयार हुआ था कल्पना वर्मा और उषा चौधरी के नाम का पैनल पार्टी ने तैयार किया था। लेकिन जानकारी के मुताबिक अब पार्टी ने कल्पना वर्मा के नाम पर हरी झंडी दे दी है। नामों का पैनल लेकर दिल्ली पहुंचे कमलनाथ ने पार्टी नेताओं के साथ चर्चा करने के बाद एक एक नाम पर सहमति बना ली है।

### उपचुनाव वाले क्षेत्रों में सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी कांग्रेस

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उपचुनाव में नामांकन भरने के साथ ही प्रमुख सियासी दल कांग्रेस और भाजपा में घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस की ओर से उसकी महिला ब्रिगेड ने मोर्चा संभाल लिया है। भाजपा सरकार की हकीकत बताने के लिए एक किताब सच्चाई आपके द्वार घर-घर तक पहुंचाने की मुहिम में लग गई है, वहीं कांग्रेस की इस मुहिम पर भाजपा भी पलटवार कर रही है। मध्यप्रदेश में तीन विधानसभा और एक लोकसभा सीट उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। यही वजह है कि चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही दोनों पार्टियों ने मैदान संभाल लिया है। दमोह उपचुनाव में मिली सफलता के बाद विपक्ष में बैठी कांग्रेस उत्साहित है। वो इस उपचुनाव में चारों सीट पर जीत हासिल करने की रणनीति तैयार कर रही है। महिला कांग्रेस एक नए अभियान का शंखनाद करने जा रही है। वो भाजपा सरकार की नाकामियों को घर घर तक पहुंचाएगी।

#### सच्चाई आपके द्वार

पिछले दिनों पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सच्चाई आपके द्वार किताब दिल्ली में लॉन्च की थी। इस किताब को अब कांग्रेस उन सभी क्षेत्रों में लांच कर रही है जहां उपचुनाव होना है। इस किताब के जरिए महिला कांग्रेस भाजपा सरकार के दौरान महिला अत्याचार, महंगाई, बेरोजगारी, कोरोना काल की त्रासदी से जुड़े मुद्दों को जनता के बीच ले जाएगी। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना जायसवाल का कहना है इस किताब में कांग्रेस और भाजपा सरकार के दौरान पेट्रोल-डीजल, गैस और खाद्य पदार्थों की कीमतों की तुलना की गई है। साथ ही महिला हिंसा के आंकड़ों और बेरोजगारी के आंकड़े भी बताए गए हैं।

## खास खबर

### हवा भरने के दौरान टायर फटा, हवा भर रहे युवक के सिरे के चिथड़े उठे

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में दर्दनाक घटना में शख्स की जान चली गई। शख्स ट्रक के टायर में हवा भर रहा था, लेकिन इसी दौरान टायर फटने से हवा भर रहे शख्स का सिर ही उड़ गया। घटना मुरैना जिले के जौरा की है। जौरा टीआई योगेंद्र सिंह जादौन के मुताबिक %एमएस रोड पर पंक्चर की दुकान में एक ट्रक पहुंचा जिसके टायर में हवा भरनी थी।ट्रक चालक ने ट्रक दुकान के सामने खड़ा कर दिया, फिर पंक्चर बनाने वाले अजय ने टायर में हवा भरनी शुरू कर दी। इस दौरान अजय ने ट्रक ड्राइवर और उसके साथ मौजूद शख्स को दूर खड़ा होने के लिए कह दिया। अजय ने कहा कि टायर पुराने हो चुके हैं,इसकारण फट सकते हैं, जिसके बाद ट्रक चालक और दूसरा शख्स थोड़ी दूर जाकर खड़े हो गए। इस दौरान एक जोर का धमाका हुआ और ट्रक के टायर में हवा भर रहा अजय काफी दूर जा गिरा।आनन-फानन में लोग अजय के पास पहुंचे,तब देखा उसका सिर का एक हिस्सा ही उड़ गया और उसके टुकड़े सड़क पर बिखरे पड़े थे।लोगों ने अजय को उठाने की कोशिश लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने मौत की प्राथमिक सूचना दायर कर जांच शुरू कर दी है।

### पटाखे बनाने वाली फैक्टरी में हुए विस्फोट में घायल कर्मचारी की मौत

**मुजफ्फरनगर।** पटाखे बनाने वाली फैक्टरी में हुए विस्फोट में घायल एक और कर्मचारी की मेरठ केअस्पताल में मौत हो गई,इससे घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि बहराइच निवासी मोबिन की मेरठ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। शामली जिले के कैराना इलाके में एक अक्टूबर को फैक्टरी में विस्फोट हुआ था, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। इस बीच, पुलिस ने मामला दर्ज कर, गैरकानूनी तरीके से पटाखे बनाने की फैक्टरी चलाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

### रामविलास पासवान की विरासत बंटी लोजपा के हुए दो टुकड़े

**नई दिल्ली।** दलित राजनीति के बड़े चेहरे रहे रामविलास पासवान की विरासत उनके निधन के एक साल के बाद ही बंट गई है। चुनाव आयोग ने लोकजनशक्ति पार्टी के दोनों धड़ों को अलग-अलग पार्टी के तौर पर मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही अब पुराना नाम और चुनाव चिह्न भी खत्म कर दिया है। अब चिराग पासवान की लीडरशिप वाले धड़े का नाम लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) होगा। इस दल को हेलिकॉप्टर चुनाव चिह्न आवंटित दिया गया है। इसके अलावा उनके चाचा और रामविलास पासवान के सगे भाई पशुपति कुमार पारस की पार्टी का नाम राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी होगा। इस दल को सिलाई मशीन चुनाव चिह्न दिया गया है।

### गांधीनगर मनपा चुनाव में भाजपा बंपर जीत की ओर, कांग्रेस और आप की करारी हार

**अहमदाबाद।** गुजरात की राजधानी गांधीनगर महानगर पालिका चुनाव में भाजपा बंपर जीत की ओर बढ़ रही है 3 अक्टूबर को गांधीनगर महानगर पालिका के 11 वार्ड की 44 सीटों के लिए वोटिंग हुआ था अब सामने आए रुझानों में 40 में से 36 सीटों पर मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं जबकि कांग्रेस 3 और आम आदमी पार्टी 'आप' एक सीट पर आगे चल रही है गांधीनगर के पांच वार्ड में भाजपा की पूरी पैनल की जीत हुई है कांग्रेस अब तक केवल तीन सीटों में सिमटी नजर आ रही है वहीं सूरत महानगर पालिका में शानदार प्रदर्शन करने वाली आम आदमी पार्टी को गांधीनगर महानगर पालिका चुनाव में करारी शिकस्त मिली है।

## किसानों को कुचलने वाले को हिरासत में न लेना मतलब संविधान खतरे में हैः राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी में आठ लोगों की मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष उत्तरप्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को बख्शने के मूड में नहीं है। विपक्ष लगातार सरकार पर हमला बोल रहा है। विपक्ष लगातार लखीमपुर खीरी हिंसा में आरोपी केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। इस मामले में किसान संगठन भी आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। अब मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी सरकार पर हमला बोला है। कहा है कि किसानों को कुचलने वाले शख्स को हिरासत में नहीं लेने का मतलब है कि संविधान खतरे में है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लखीमपुर खीरी की हिंसा और प्रियंका गांधी वाद्रा को गिरफ्तार करने के मामले में सरकार पर निशाना साधा। कहा कि देश के अन्नदाता किसानों को गाड़ी से कुचलने वाले केंद्रीय मंत्री के पुत्र को हिरासत में नहीं लिए जाने का मतलब यह है कि देश का संविधान खतरे में है। उधर, मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा कह चुके हैं कि उनका बेटा मौके पर मौजूद नहीं था। आज उन्होंने एक और बयान दिया। कहा कि अगर उनके बेटे के खिलाफ आरोपी सही साबित हुए तो वे अपना मंत्रीपद छोड़ देंगे। उधर, प्रदेश सरकार ने कार्रवाई करते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्हें सीतापुर गेस्ट हाउस में नजरबंद किया गया है। गेस्टहाउस को ही अस्थायी जेल बनाया गया है। लखीमपुर खीरी से जानकारी मिल रही है कि दो किसानों के परिजनों ने अंतिम संस्कार रोक दिया है। बताया जाता है कि प्रशासन ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट लवप्रीत के परिजनों को दिखाई फिर भी परिजन अंतिम संस्कार को राजी नहीं हुए हैं। ऐसे में राकेश टिकैत परिजनों से मिलने पहुंचे हैं। लवप्रीत के परिवार से बंद कमरे में राकेश टिकैत की बातचीत हो रही है। इधर धौरहरा में किसान नक्षत्र सिंह के घर पहुंचे टीएमसी के तीन नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को मप्र महिला कांग्रेस ने भेंजी चूड़ियां



### प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी का जताया विरोध


### मुख्यमंत्री योगी माफी मांगे- डॉ. अर्चना जायसवाल

**भोपाल/इंदौर।** उत्तरप्रदेश के लखीमपुर कांड में मारे गए लोगों के परिजनों से मिलने जा रही प्रियंका गांधी वाड्रा को यूपी पुलिस द्वारा रोककर गिरफ्तार करने पर मप्र महिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती अर्चना जायसवाल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपी की योगी सरकार लोकतंत्र की धज्जियां उडा रही है। उत्तरप्रदेश अराजकता, हिंसा व हत्यारो और अपराधियों का गढ बन चुका है। यहां की भाजपा सरकार के संरक्षण में अपराधी फल फूल रहे है। योगी सरकार ने अपनी नाकामियां छुपाने के लिए कांग्रेस की महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा को लखीमपुर खीरी जाने से रोक दिया। उन्होने कहा कि प्रियंका गांधी विपक्ष की जिम्मेदार नेता होने के नाते लखीमपुर कांड में मारे गए मृतकों के परिजनों से मिलकर बात करना चाहती थी लेकिन सरकार के हिटलरशाही रवैये ने प्रशासन पर दबाव बनाकर उन्हें वहां जाने से रोक दिया। योगी सरकार की इस कायराना हरकत के जबाव में महिला कांग्रेस की जिला व शहर इकाई द्वारा उप्र के मुख्यमंत्री योगी को पोस्ट कर चूडियां भेंज रही है। श्रीमती डॉ. अर्चना जायसवाल ने बताया कि योगी सरकार ने उनकी इस कायराना हरकत पर अभी तक माफी नही मांगी है इसलिए मप्र महिला कांग्रेस मप्र के हर जिले में काली पट्टी बांधकर और पूतला फूंककर विरोध दर्ज करा रही है।







# डेंगू के 18 मरीज मिले, स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में बनाया डेंगू वार्ड

**शिवपुरी।**

जिले में डेंगू के 18 मरीज मिले हैं। सीएमएचओ डॉ. पवन जैन ने बताया कि ये 18 मरीज 10 महीने में मिले हैं, जिनमें से 16 उपचार के दौरान स्वस्थ हो चुके हैं। जबकि दो का उपचार जारी है। डेंगू के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड बना दिया है। जिले में मच्छरनाशक दवा का छिड़काव और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जारी है। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि घर की छतों पर कच्चे वर्तनों में एवं आसपास गंदा पानी जमा न होने दें, टंकी-हौद आदि का पानी नियमित बदलते रहें। शिवपुरी जिले में तीन वर्ष पूर्व डेंगू का खासा प्रकोप देखा गया था। तब से ही स्वास्थ्य विभाग इस पर सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। इस वर्ष भी बारिश का मौसम प्रारंभ होने

### प्रभावित क्षेत्रों में हो रहा स्प्रे और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहीसे काम किया जाएगा।

से पूर्व ही डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण करने के लिए कार्य योजना बनाकर उस पर रणनीतिक रूप से कार्य किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप लगभग 10 माह में 18 मरीज ही डेंगू के निकले। इन सभी रोगियों का उपचार किया गया। वर्तमान में दो रोगी डेंगू से ग्रसित है, जिसमें से एक रोगी का उपचार जिला चिकित्सालय




शिवपुरी में तथा दूसरे रोगी का उपचार जेएच मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में चल रहा है। दोनों की हालत सामान्य है। डॉ. पवन जैन ने बताया कि शिवपुरी जिले में जनवरी से 3 अक्टूबर तक सर्वाधिक डेंगू रोगी शिवपुरी शहर में पाए गए हैं। इसके बाद बदरवास में 4 नरवर में 3. सनावड़ा में 2, करैरा एवं पिछोर एक एक रोगी मिले हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू पर नियंत्रण के लिए प्रभावित क्षेत्रों के गली मोहल्लों में जमा गंदगी पर मच्छर नाशक दवा का छिड़काव करने के अलावा टंकियों, होदियों में भी भरे जल की जांच कर उचित प्रबंधन किया जा रहा है। इसके लिए जिले में तीन दलों का गठन किया गया है। जो गहनता से पच्छ्ठा जनित रोगों पर नजर बनाए हुए डॉ. जैन ने शिवपुरी नगरीय क्षेत्र में आगामी समय में मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए नगर पालिका शिवपुरी का सहयोग

## मृत बताकर जीवित व्यक्ति के नाम से निकाली अंत्येष्टि की राशि

**शिवपुरी।**

जिले के बदरवास जनपद पंचायत से एक जीवित व्यक्ति को मृत बताकर उसके अंतिम संस्कार के लिए मिलने वाली 5 हजार रूपए की राशि निकाल ली गई। इसका पता तब लगा जब वह व्यक्ति जनपद पंचायत बदरवास में राशन कार्ड बनवाने पहुंचा, तो उसे देखकर जनपद पंचायत के कर्मचारी आश्चर्यचकित हो गए और बोले कि तुम जिंदा हो? तुम्हारे अंतिम संस्कार के लिए तो दो साल पहले ही राशि दे दी गई। रघुराज को समग्र आईडी से लेकर अन्य दस्तावेजों में वर्ष 2019 में ही मृत बता दिया गया। ग्राम पंचायत चंदोरिया में रहने वाला 65 वर्षीय रघुराज सिंह यादव जब जनपद में कार्ड बनवाने गया तो वहां मौजूद कर्मचारी उसे जीवित देखकर आश्चर्यचकित हो उठा। रघुराज ने अपने परिजनों को जब यह बात बताई तो उनके बेटे ने जनपद में जाकर पूरी जानकारी हांसिल की। क्षेत्र में कई अन्य लोगों ने भी बताया कि हमारे परिवार में भी जो मोतें हुई हैं, उसमें अंतिम संस्कार के लिए हमने कोई राशि नहीं ली है। जबकि दस्तावेजों में वह राशि आहरित कर ली गई है। जनपद पंचायत सीईओ एलएन पप्पल ने बताया कि मेरे संज्ञान में यह मामला आया है और मैं इसे अभी दिखवाता हूं तथा जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### इनका कहना है

*मेरे पिता अभी जीवित हैं, लेकिन दो वर्ष पहले उन्हें मृत बता दिया गया था और फर्जी तरीके से अंत्येष्टि की राशि भी निकाल ली गई थी। हमने इस मामले की शिकायत हैल्पलाईन 181 नम्बर पर की है।*

जयमंडल सिंह यादव,
पीड़ित वृद्ध का बेटा

## कमलेश पंसारी सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का अवार्ड से सम्मान मिला



**करैरा।**

शिवपुरी जिले के पिछोर तहसील अंतर्गत ग्राम खुरई मैं पदस्थ कमलेश कुमार पंसारी उच्च श्रेणी शिक्षक जो कि माध्यमिक विद्यालय खुरई में प्रभारी प्रधानाध्यापक के स्थान पर पदस्थ थे शासन के निर्देशानुसार 62 वर्ष की उम्र हो जाने पर विदाई समारोह संपन्न हुआ कमलेश पंसारी शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशाल व्यक्तित्व के साथ खुरई माध्यमिक विद्यालय में लगभग 20 वर्षों से सदस्य थे। जिनके विदाई समारोह में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विकास पाठक, खनियाधाना बीआर सी विनोद गुप्ता , संकुल प्राचार्य धर्मेंद्र पटेरिया , आनंद श्रीवास्तव , देवेंद्र कुमार पाठक , सैकड़ों की संख्या में शिक्षक सहित सभी क्षेत्र, ग्रामवासी उपस्थित हुए माध्यमिक विद्यालय खुरई में पदस्थ स्टाफ मनोज त्रिपाठी प्रमोद त्रिपाठी, मीना भट्ट बात करते समय भावविभोर हो गए गांव के लोग भी काफी दुखद हुए। लेकिन शासन के नियम अनुसार उनका विदाई समारोह किया गया जिसमें ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कमलेश पंसारी को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के अवार्ड से पिछली बार से सम्मानित किया गया था उनका स्कूल भी जिले का सर्वश्रेष्ठ स्कूल में चुना गया था कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ समाज के वरिष्ठ समाजसेवी भी मौजूद रहे शिक्षक और छात्रों का लगाओ भी गांव में देखने मिला इतने वर्षों तक एक यह किस स्थान पर पदस्थ होने के बाद शिक्षक से किस प्रकार लगाओ हो जाता है यह माध्यमिक शाला खुरई में विदाई समारोह में देखने को मिला कमलेश कुमार पंसारी द्वारा बताया गया मैं अपना आगे का जीवन मनुष्य के उत्थान व गरीबों के सहयोग मैं ही प्रदान करूंगा कार्यक्रम के अंत में कमलेश पंसारी के छोटे पुत्र कृष्ण कुमार पंसारी द्वारा गांव ब आए हुए समस्त शिक्षक व समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया गया

## हम भी फ़ौजी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं, देश की सेवा कैसे करना है ये एनसीसी से बेहतर कोई नहीं सिखा सकता

### स्कूली बच्चों ने एनसीसी भर्ती के दौरान कही



**शिवपुरी।**

हैप्पी डेज हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रथम वर्ष हेतु एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। जिसमें स्कूली छात्र - छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 35 एमपी बटालियन एनसीसी शिवपुरी के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनंट कर्नल आंचल कुमार के निर्देशन में हुआ। जूनियर डिवीजन/विंग भर्ती प्रक्रिया में लिखित, मौखिक परीक्षा के साथ शारीरिक संतुलन, व्यवहारिक ज्ञान आदि मानकों के आधार पर कैडेट्स का चयन किया गया। एनसीसी अधिकारी केयर टेकर नितिन के. शर्मा ने बताया कि अपने द्विवर्षीय प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स चरित्र, साहचर्य, मैत्री, एकता, अनुशासन व व्यक्तित्व विकास के साथ परेड, मैप रीडिंग, फायरिंग, आपदा प्रबंधन आदि के गुर सीखते हुए राष्ट्र के ज़िम्मेदार नागरिक के तौर पर अपनी भूमिका निभाने तैयार होंगे। विदित है कि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एनसीसी संगठन राज्य सरकार के सहयोग से स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को सैन्य प्रशिक्षण प्रदान करता है। एनसीसी सर्टिफिकेट धारक कैडेट को भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा विभिन्न शासकीय व निजी क्षेत्र में भर्ती के दौरान बोनस अंक का लाभ दिया जाता है। चयन प्रक्रिया बोर्ड अधिकारी सूबेदार रोमेश सिंह व हवलदार हरमेश सिंह द्वारा संपन्न की गई जिसमें सीनियर कैडेट्स सक्षम शर्मा, अजय यादव, ध्रुव राजावत, अमन धाकड़, विवेक जाटव व निखिल धाकड़ की सराहनीय सहभागिता रही।?टो-्र्रु0103

## मीडिया में खबर प्रकाशन के बाद आरक्षक को धमकाने वाला युवक पुलिस ने दबोचा:मांगी माफी

**शिवपुरी।**

सोमवार की रोज अस्पताल के बहार बाइक की पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में आरक्षक को युवक धमका कर फरार हो गया। इस खबर को मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर के बाद पुलिस सक्रिय हुई और विवाद कर आरक्षक को धमकाने वाले युवक को धर दबौचा। जिले के लुधावली में रहने वाले अजय गोस्वामी पुत्र रामस्वरूप गोस्वामी सोमवार को नियम-कानून ताक पर रख कर जिला अस्पताल में जबरन अपनी बाइक घुसाई थी। इसके बाद जब आरक्षक ने बाइक हटाने को कहा तो आरक्षकों को धमकाते हुए वह अपनी बाइक छु?ा ले गया। इस मामले को मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर के प्रकाशन के बाद यातायात प्रभारी सूबेदार रणवीर सिंह यादव को मामले की जानकारी दी। सूबेदार ने तत्परता के साथ न सिर्फ युवक और उसके घर की तलाश किया लेकिन वह घर नही मिला,लेकिन पुलिस ने उसे पोहरी चौराहे पर पकड लिया। और उसे यातायात थाने बुलाकर उसका एक हजार रुपए



का चालान भी काटा।

रणवीर सिंह यादव, यातायात प्रभारी का कहना है कि हमारे हर कर्मचारी का मान-सम्मान सर्वोपरि है। सोमवार को आरक्षक ने नियम और कानून का पालन करने के लिए कहा था। वह अपनी जगह सही था, इसके बाद युवक ने न सिर्फ उसको अपमानित किया बल्कि सरकारी काम में भी बाधा डाला। इसी के साथ ही उसने कानून को भी खुलकी चुनौती देने का प्रयास किया। आज युवक का चालान काटा गया है। युवक ने अपनी गलती के लिए माफी भी मांगी है।

### सूने मकान का ताले तोडकर घुसे चोर, सोना-चांदी सहित 2 लाख का माल लेकर फरार

**शिवपुरी।**

शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक कॉलानी में स्थित सूने मकान में अज्ञात बदमाश घुस गए और बदमाश,सोना-चांदी नगदी सहित 2 लाख का माल लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर द है। जानकारी के अनुसार कलारबाग में स्थित विजय सिंह धाकड का मकान हैं। मकान में विजय का बेटा राहुल रहता है और वह किसी काम से इंदौर गया था। इस दौरान मकान सूना था। सूने मकान को लाभ देखकर मकान में चोर घुस गए। घर में घुसे चोरो ने बडे ही आराम से 50 हजार रूपए नगद,एक एलसीडी और एक जोडी चांदी की पायल, झुमकी,सोने की जंजीर मिलाकर 2 लाख रूपए का माल समेट कर ले गए। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

## आदिवासी वस्ती में फल एवं वस्त्र वितरण कर मनाया रघु भैया ने अपना जन्मदिन



शिवपुरी।केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे युवाओं में विशेष लोकप्रिय प्रवल प्रताप सिंह तोमर का जन्मदिन मंगलवार को युवाओं के द्वारा चक आदिवासी वस्ती में पहुंचकर फल एवं वस्त्र वितरण कर मनाया । विपिन गुप्ता एवं भाजयुमो महामंत्री अमित गुप्ता (नगरिया) ने बताया आज हम सभी युवाओं के चहेते एवं अपने सरल स्वभाव के चलते प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में अपनी पहचान बनाने वाले रघु भैया का जन्मदिन है। रघु भैया से लाखों युवा जुड़े हैं सभी युवाओं को वह अपना समझते हैं सबको सम्मान एवं समय देकर समस्याओं को सुनते हैं यही कारण की आज उनका नाम देश के सबसे चर्चित युवा नेताओं में उनका नाम आता है इसलिए हम हमारे लोकप्रिय रघु भैया का जन्मदिन आदिवासी वस्ती मनाते आए हैं । सभी युवाओं एवं ग्रामीणों ने रघु भैया को जन्मदिन की बधाई दी एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की । उपस्थित युवाओं में विपिन गुप्ता दिनारा, अमित नगरिया, उमंग गुप्ता सहित सभी ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

### शिवपुरी के टैलेंट ने प्रदेश स्तर पर किया नाम रोशन, 4 कराते खिलाड़ियों ने पास की रैफरी की परीक्षा

**शिवपुरी।**

मप्र के झाबुआ में आयोजित एमेच्योर कराते एसोसिएशन मध्यप्रदेश के सेमीनार में शिवपुरी के चार कराते खिलाडि?ों ने भाग लिया और एसोसिएशन द्वारा आयोजित रैफरी की परीक्षा पास की। साथ ही उन्हें नई-नई टैक्निक सीखने को मिली। शिवपुरी के जिन चार खिलाडि?ों ने सेमीनार में भाग लिया, उनमें कुलदीप शाक्य, चंद्रदीप सिंह डांडे, लक्ष्य दुबे, अंकित मुडैया शामिल थे। उक्त जानकारी जिला युवा कराते संघ एवं डांडे मार्शलआर्ट अकेडमी के महासचिव सेंसई हितेंद्र सिंह डांडे द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि 2 और 3 अक्टूबर को यह परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें टैक्निकल काता, कुमीते जज/रैफरी सेमीनार आयोजित किया गया। यह परीक्षा सिहान परमजीत सिंह चेयरमैन रैफरी कमीशन और डब्ल्यू के एफ कुमीते रैफरी द्वारा ली गई। जिसमें प्रदेशभर के खिलाडि?ों ने भाग लिया और इन खिलाडि?ों के बीच शिवपुरी के चार खिलाडि?ों ने वह परीक्षा पास कर शहर का नाम रोशन किया।

## आरक्षकों को धमकाते हुए अपनी बाइक छुड़ा ले गया युवक, फोन लगाने के बाद भी मदद के लिए नहीं पहुंची पुलिस

**शिवपुरी।**



सोमवार को पुलिसकर्मियों की दयनीय स्थिति उस समय उजागर हुई जब एक युवक अस्पताल में सार्वजनिक रूप से तीन-चार आरक्षकों को हड़काते हुए उनके सामने अपनी बाइक छुडा ले गया अपमानित महसूस कर रहे आरक्षक ने मदद के लिए पुलिस कंट्रोल रूम कई बार फोन लगाया। लेकिन इसके बाद भी पुलिस उसकी मदद के लिए नहीं पहुंची। इस मामले में ट्रैफिक प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आरक्षक को मुझे कॉल करना चाहिए था। मैं गाड़ी वाले पर कार्रवाई करता हूँ। यह कि युवक अजय ने अस्पताल के मुख्य द्वार पर अपनी गा?ी खड़ी कर दी थी। जब आरक्षक ने उससे वहां से गाड़ी हटाने को कहा तो युवक झगड़े पर अमादा हो गया। आरक्षक की मदद के लिए कुछ और पुलिस आरक्षक वहां पहुंच गए और उन्होंने युवक से गाड़ी हटाने के लिए कहा, परंतु युवक ने गाड़ी तो नहीं हटाई बल्कि उल्टे पुलिस वालों को धमकी देते हुए कहा कि वाइक से हाथ लगाया तो ठीक नहीं होगा, तुम मुझे नहीं जानते। उसी दौरान युवक ने एक सामाजिक नेता विनोदपुरी को फोन लगाया और आरक्षक मदद के लिए कंट्रोल रूम और कोतवाली पुलिस को फोन लगाता रहा। लेकिन कोई नहींपहुंचा। इसी बीच एक अन्य युवक अस्पताल पहुंचा और पुलिसकर्मियों को धमकाते हुए बाइक को वहां से उठाकर ले गया। विहिप नेता विनोदपुरी का कहना है कि मुझे अजय नामक युवक ने फोन लगाया था और गलत जानकारी दी थी। बाद में मुझे युवक का व्यवहार ठीक नहीं लगा। मैं अभी अजय को बताता हूं और आगे से ऐसे किसी युवक की मदद नहीं करूंगा।

## कलेक्टर की कुर्सी पर बैठकर राहुल ने बताई समस्या

### बच्चों को संसाधन उपलब्ध कराने और मदद का दिया आश्वासन

**शिवपुरी।**

सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई होती है। कोविड महामारी के ब?ते केस के दौरान यह जनसुनवाई स्थगित कर दी गई थी लेकिन अब जनसुनवाई फिर से शुरू हो गई है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह मंगलवार को जनसुनवाई में जब नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे तभी शिवपुरी शहर के कुछ बच्चे अपने कोच के साथ अपनी समस्या लेकर उनके पास पहुंचे। बच्चे उन्हें अपनी बात कहने में संकोच कर रहे थे तब जिले के संवेदनशील कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बच्चों को अपने कक्ष में बुलाया और उनसे बात की। उन्हीं में से एक बच्चा राहुल कलेक्टर की कुर्सी पर बैठा और कलेक्टर बन अपनी बात कही। इस दौरान



सभी बच्चों के चेहरे पर मुस्कान थी और वह बिना डरे अपनी बात कह सके। शिवपुरी के यह बच्चे फुटबॉल खेलते हैं। बच्चों को खेलने के लिए सही स्थान और जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए वह जनसुनवाई में पहुंचे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने इनके प्रतिनिधि से बात कर बच्चों के खेलने के लिए जरूरी संसाधन मुहैया कराने और प्रशासन से नियमानुसार हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। और कहा कि इसी प्रकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें। जब यह बच्चे अच्छी तरह शिक्षित होंगे और खेल का सही प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, तब यह प्रतिभाएं आगे जाकर जिले, प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगीं, इसलिए इन्हें प्रोत्साहित करें।

### शुक्ला बने एसडीएम व गुर्जर बने तहसीलदार,एस डी एम ने किया पदभार ग्रहण

**करैरा।**

करैरा में पदस्थ एसडीएम अंकुर रवि गुप्ता को पोहरी का एसडीएम बनाया गया है इनके स्थान पर शिवपुरी में पदस्थ दिनेश चंद्र शुक्ला की पदस्थापना आज कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा की गई है। उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता जब से पदस्थ हुए हैं वे शासन की महत्वपूर्ण योजना वैक्सीनेशन में भारी प्रयास कर करैरा की एक पहचान बनाई है। करैरा अनुविभाग में श्री गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रथम डोज सभी को लगाया जा चुका है। इनके कार्यकाल में वृक्षारोपण, अतिक्रमण हटाओ अभियान आदि प्रमुख रहे हैं। श्री गुप्ता के मार्गदर्शन में कुछ शासकीय विद्यालयों को जनसहयोग से फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। जो कभी संभव नहीं हो सकता था। इन्हीं के साथ करैरा में पदस्थ तहसीलदार जी एस बेरवा को भी आज कार्यमुक्त किया गया है। उन्होंने भी एसडीएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में बढ़ चढ़कर भाग लिया है। इनके स्थान पर गुना से स्थानांतरित होकर आए नायब तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर को करैरा की तहसीलदार का प्रभार दिया गया है उल्लेखनीय है कि श्री गुर्जर पूर्व में भी करैरा में नायब तहसीलदार के पद पर रह चुके हैं

# जान से मारने की नीयत किया फायर कान को छूकर निकली गोली

## सीसी रोड़ निर्माण कार्य को लेकर दबंगई के चलते हुआ विवाद

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबोह मोड़ पर सीसी रोड़ निर्माण कार्य को लेकर एक दबंग ने रोड़ निर्माण कार्य में अपनी दंबगई दिखाते हुए फरियादी के भाई को जान से मारने की नीयत से फायर किये। फायरिंग में एक गोली फरियादी के भाई के कान को छूकर निकल गई, जिससे वह बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी संजीव बरूआ ने देहात थाने में लिखित शिकायती आवेदन दिया है कि मेरे खेत के पास से सीसी रोड़ का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां मेरे भाई रमाकांत ने रोड़ निर्माण कर रहे ठेकेदार से रोड के पानी निकासी आगे की ओर करने के लिए कहा। इतने में पास खड़े मोनू शर्मा (दांतरे) ने दबंगई दिखाते हुए आगे आकर कहा कि रोड़ मैं डलवा



रहा हूं। मेरे हिसाब से डलेगी और घर के अंदर से अपनी बंदूक ले आया। जिसके बाद मेरा भाई रमाकांत भागने लगा तो उसने जान से मारने की नीयत से पीछे से फायर करना शुरू कर दिए। फायरिंग में एक गोली मेरे भाई के कान को छूकर निकल गई जिससे वह बाल-बाल बच गया। फरियादी संजीव बरूआ ने आरोपी मोनू शर्मा को जल्द से जल्द हिरासत में लेकर मामला दर्ज करने की मांग की है।

### पूर्व में भी आरोपी रहा मोनू शर्मा दांतरे

मोनू शर्मा दांतरे पूर्व से ही बदमाश युवक रहा है जिस पर सिटी कोतवाली एवं देहात थाने में मामला दर्ज हैं। मोनू शर्मा (दांतरे) अवैध शराब बेचने का कारोबारी है।

## युवक के साथ मारपीट कट्टे से की फायरिंग

**भिण्ड।** फूप थाना क्षेत्र के ग्राम सकराया रंगदारी के चलते एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और दहशत फैलाने के लिए कट्टे से फायरिंग की जिससे उसकी जान संकट में पड़ गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह 10 बजे दिनेश पुत्र विजयराम शर्मा उम्र 30 निवासी सकराया ने बताया उसी गांव निवासी विवेक शर्मा विवाद करना लगा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। दबाव बनाने के लिए कट्टे से फायरिंग कर दी जिससे उसकी जान आफत में पड़ गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## डेंगू रोकथाम अभियान में 109 टीमें कर रही हैं काम, पैमप्लेट बांट किया जा रहा लोगों को जागरूक

**भिण्ड ।** डेंगू संक्रमण काल चल रहा है डेंगू की रोकथाम हेतु जिले में 109 टीमों को लगाया गया है जो घर-घर जाकर लार्वा सर्वे एवं लार्वा का विनिष्ठिकरण कर रही हैं तथा बुखार के मरीजों की आर.डी. किट द्वारा जांच की जा रही है। डेंगू मच्छर से बचने हेतु जनसमुदाय को पम्पलेट वितरण कर जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजीत मिश्रा एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा. बी. आर. आर्य द्वारा जनसमुदाय से अपील की गई है कि वर्षात के मौसम में जल भराव के कारण मच्छरों की उत्पत्ति बढ जाती है जिससे डेंगूध्चिकुनगुनिया होने की संभावना भी बढ जाती है । डेंगू एक जानलेवा बीमारी है इससे बचने के लिए अपने घर एवं घर के आप-पास पानी जमा न होने दें जमा पानी में केरोसिन



अथवा इंजन का जला हुआ आयल डालें । डेंगू, चिकुनगुनिया एडीज नामक मादा मच्छर के काटने से होता है यह मच्छर काले रंग का होता है जिस पर सफेद धारी होती है । यह मच्छर दिन के समय काटता है । डेंगू का मच्छर साफ पानी में अंडे देती है जो हमारे घरों में टंकी, कूलर, मटका, वाल्टी, गमला, फ्रिज की टेऊ पक्षियों के पानी पीने के सकोरे आदि में भरे पानी में पैदा होता है। इससे बचने के लिए पानी से भरे कंटेनरों को अच्छी तरह ढक कर रखें तथा पानी के कंटेनरों को 7 दिवस में आवश्यक रूप से खाली कर सुखाकर ही दोबारा भरें। मच्छरों से बचने के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी वाह के कपडे पहने, खिडकी दरवाजों पर मच्छरप्रूफ जाली लगवायें, मच्छर रोधी रेपिलेंट आदि का उपयोग करें। बुखार, सिर दर्द, मासपेशियों एवं जोडों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते आदि की शिकायत होने पर निकट के स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को दिखावें। समय पर जांच, उपचार एवं सावधानियां आपको डेंगू और चिकुनगुनिया से बचा सकते हैं ।

## किसानों की हत्या के एवज में उनके परिजनों को दो करोड़ की सहायता राशि एवं सरकारी नौकरी दिलाने को लेकर जिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी करने वाले पुलिसकर्मियों को तत्काल किया जाए बर्खास्त : डॉ. सिंह

**भिण्ड।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 3 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के गृह राज्य मंत्री अजय शर्मा के बेटे के द्वारा की गई किसानों की निर्मम हत्या एवं कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी को लेकर 5 अक्टूबर दोपहर 1:00 बजे जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में भिंड कलेक्टर सतीश कुमार एस को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

बता दें कि 3 अक्टूबर को किसानों के द्वारा लागू किए गए कृषि कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। किसानों की आवाज को दबाने के लिए उत्तर प्रदेश के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री अजय शर्मा के बेटे द्वारा उन्हें अपनी



गाड़ी से रौंदकर निर्मम हत्या कर दी गई। जब कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी किसानों के परिवारों का दुख बांटने पहुंची तो उन्हें रास्ते में ही रोक कर उन्हें बेवजह गिरफ्तार कर लिया गया जिसके विरोध में पूरे देश की कांग्रेस पार्टी सड़कों पर आकर भाजपा की तानाशाही सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रही है।उसी के चलते भिंड जिले के कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह के नेतृत्व में पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह,पूर्व मंत्री राकेश चौधरी,गोहद विधायक मेवाराम जाटव,शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा वं सभी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पुलिस लाइन से कलेक्ट्रेट परिसर तक नारेबाजी करते हुए कलेक्टर सतीश कुमार एस को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

और इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस आंदोलन में वरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव प्रदेश महासचिव खेजर मोहम्मद कुरेशी पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनुरुद्र प्रताप सिंह सेवा दल यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र और पिंकी भदौरिया युवा नेता राहुल भदौरिया युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार देशलहरा,रॉकी तोमर अरविंद सोनी,विजय दैपुरिया, , सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा,वरिष्ठ नेता वीरेंद्र यादव,रणजीत सिंह गुर्जर, अमित दातरे, राजेंद्र नरवरिया,विवेक पचौरी, दर्शन सिंह तोमर विनोद पंडित,बृजेंद्र सिंह कल्लू, समीर भदोरिया, कार्यवाहक अध्यक्ष इरशाद खान आईटी सेल अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया, शिवम सैथीया मनीष राजावत रणवीर यादव राजीव कौशिक,प्रदीप यादव, अशोक गुप्ता, रेखा भदौरिया, ममता मिश्रा, संजय भूता, बलराम जाटव, राजेंद्र परिहार, अरविंद अरेले, सुमित बघेल, कुलदीप गुर्जर के अलावा कांग्रेस पार्टी के सभी इकाइयों के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

## पेड़ प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं जीवो का जीवन भी है, इसलिए पेड़ों का संरक्षण करें

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,
पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** आज प्रकृति मजबूर हुई ... उसकी ही बनाई मूरत ने उसको ही यूं अस्त व्यस्त किया...सहन किया सब... हद पार हुई अब... टूटी वन आफत अब.... कही मिट ना जाए ये प्यारी सी मूरत ... मानवता की खातिर कुछ तो सोचो कुछ तो समझो...प्रकृति को इतना मजबूर मत करो पर्यावरण की रक्षा तो दुनिया की सुरक्षा... आओ हम सब मिलकर पेड़ लगाये प्रकृति की सुन्दरता को बढाए...कही ज्वाला कही तूफान आया है दुनिया के हर कोने में... यूं फिर बीमारी आई है... पेड़ - पौधे मत करो नष्ट वरना सांस लेने में होगा कष्ट... मानवता की खा़तिर कुछ तो सोचो कुछ तो समझो... मजबूर मत करो तुम प्रकृति को पेड़ - पौधे लगाओ अपनी सांसे बचाओ। पेड़ - पौधे लगाओ देश बचाओ।



**लेखिका पल्लवी गुप्ता**
**गोहद जिला भिंड मध्यप्रदेश**

## शंकराचार्य पहुंचे भिण्ड स्थित अमन आश्रम, 7 से 17 अक्टूबर तक करेंगे आध्यात्मिक प्रवचन

**भिण्ड।** काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी परा गांव में स्थित अमन आश्रम में पहुंच चुके हैं। जहां पर बड़ी संख्या में भक्तगण उनके दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। शंकराचार्य द्वारा नवरात्रि के अवसर पर 7 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक अमन आश्रम में ही लोगों के उत्थान के लिए आवश्यक आध्यात्मिक प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दिए जाएंगे। इस बात की जानकारी आश्रम के संरक्षक निरंजन ब्रह्मचारी ने दी। उन्होंने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव का भिण्ड और चम्बल वासियों से बेहद स्नेह है और इसी के चलते वह चातुर्मास के बाद सीधे भिण्ड आश्रम पहुंचे हैं जहां पर भक्तों को ज्ञान रस पिलायेंगे। इसके साथ ही 9 अक्टूबर को शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी का जन्मदिन भी अमन आश्रम में धूमधाम से मनाया जायेगा। मनुष्य जीवन में गुरु चरणाश्रय के बिना अनेकों दुःख आते हैं। कर्णधार बिनु जिमि जलयाना इसीलिए यावज्जीवं त्रयो वंद्या वेदान्तोगुरूरीश्वरः यावज्जीवन वेदान्त, गुरु और ईश्वर की वंदना करते रहना चाहिए। इसलिए



सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं विश्व मानवता के कल्याण हेतु भक्तों के निवेदन पर पूज्यचरण अनंतश्री विभूषित काशीधर्मपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानन्द तीर्थ महाराजश्री ने नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर आध्यात्मिक प्रवचन आयोजित करने के लिए अमन आश्रम, परा, तहसील- अटेर, जिला- भिण्ड, मध्यप्रदेश का स्थान सुनिश्चित किया है। पुण्य कर्म जन्य क्रिया से उत्पन्न होता है। गुरु के उपदेश से होने वाला आत्मदर्शन ही समस्त देवताओं का प्रशस्त दर्शन है। यह नवरात्रि महोत्सव अक्षय संस्कृति का प्रतीक है, जो अमरत्व की साधना संधान के लिए समायोजित होता आया है। भारतीय समाज आत्मोन्नति, साधना की परम समृद्धि इस महापर्व में प्राप्त कर विश्वकल्याण, आत्मकल्याण का संपादन करता है। एतदर्थ नवरात्रि पर्व पर आध्यात्मिक प्रवचन श्रवण का फल अनन्त और अचिन्त्य है। उसी पुण्यरूप पर्व का स्मरण करने के लिए अमन आश्रम परा में 07 अक्टूबर 2021 से 17 अक्टूबर 2021 तक आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन सुनिश्चित है। उक्त आयोजन में आपकी उपस्थिति संप्रार्थित है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन नारायण सेवा समिति, भिण्ड द्वारा निर्धारित है।

## अटेर महोत्सव आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में कलेक्टर चेम्बर में अटेर महोत्सव आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, अशोक सिंह तोमर, राधेगोपाल यादव, दीपक अग्रवाल, मनोज जैन सहित अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने पूर्व में हुए अटेर महोत्सव आयोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेठी का गठन किया जाए। कमेठी के द्वारा कार्य योजना तैयार की जाए, कौन सा कार्यक्रम कब और कितने समय किया जाएगा और महोत्सव का आयोजन किसके द्वारा किया जाएगा यह निर्णय लेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजन तीन दिवस चलेगा तो उस पर अनुमानित लागत कितनी आएगी उस पर चर्चा की गई और कहा कि मद अनुसार कितना-कितना व्यय होगा आवंटन के लिए पत्र लिखा जाए।



## तालाब में डूबने से युवकी की मौत

**भिण्ड।** दबोह थाना अंतर्गत कर्ज तले डूबे युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। उसने अपने घर को गिरवी रख दिया था। कर्ज उतारने के लिए दिल्ली जाने की तैयारी कर रहा था, तभी वो अपनी पत्नी से झगड़ा कर बैठा और गुस्से में आकर बैग को तालाब में फेंक दिया। इसके बाद वो बैग निकालने लिए तालाब में कूद गया। तैरना न आने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना दबोह थानाक्षेत्र की है। दबोह थाना पुलिस के मुताबिक, कुंअरपुरा निवासी प्रदीप पुत्र सुरेश तिवारी (33) नशे का आदी था। इसी लत ने उसे कर्जदार बना दिया। एक साहूकार ने उसका घर गिरवी रख लिया था। युवक पैसा कमाने के लिए दिल्ली जाने की तैयारी कर रहा था। बैग पैक कर चुका था।इसी बीच उसका झगड़ा पत्नी सीमा से हो गया और गुस्से में आकर कपड़ों का बैग घर के सामने बने तालाब में फेंक दिया। इसके बाद वो खुद बैग निकालने के लिए तालाब में कूद गया। बताया जाता है कि प्रदीप तैरना नहीं जानता था। पत्नी ने जब उसे डूबते हुए देखा तो गांव के लोगों को पुकारा। जब तक गांव के तैराक आए, तब तक वह पानी में डूब चुका था। शव निकालने के बाद जानकारी पुलिस को दी गई।

### मां-बेटा दबोह में थे

प्रदीप अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। उसके भी एक बेटा और एक बेटी है। घटना के समय बेटी और उसकी पत्नी मौके पर मौजूद थी। जबकि, उसकी मां और बेटा दबोह में थे। प्रदीप शराब का नशा करने के कारण उधार पैसा मांगता था। इस बात को लेकर उसकी पत्नी और उसमें झगड़ा होता था। इसी के चलते लंबे समय तक उसकी पत्नी सीमा मायके में थी। बीस दिन पहले ही प्रदीप अपने साथ मायके से लाया था।

## कलेक्टर ने अटल चंबल एक्सप्रेस-वे के लिए, जमीन अधिग्रहण करने हेतु राजस्व अधिकारी ली बैठक

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने अटल चंबल एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण करने के लिए आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में एसडीएम, नायब तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग एवं आरआई व पटवारियों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई एवं पटवारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने एसडीएम सिकरवार को निर्देषित किया कि सबसे पहले 20 टीमे बनाई जाए, 13 टीमो को एक-एक गांव एवं 7 टीमो को दो-दो गांव आवंटित किये जाये। अटेर क्षेत्र में पटवारी यदि कम पडते है टीम के लिए तो भिण्ड क्षेत्र के पटवारियों को शामिल किया जाये। साथ ही गांव के कोटवार को भी रखा जाए व टीम में दो-दो पुलिस के जवान भी शामिल रहे। इसके साथ ही पांच जगह वन विभाग के गार्डो को भी लगाया जाये। बनाई गई टीमो को 10 अक्टूबर की सुबह 20 अलग-अलग गाडियों से जिस टीम को गांव अर्लट किया गया है उस गांव के लिए रवाना किया जाये। लगाई गई टीम में पटवारियों का दायित्व होगा कि वे मौके पर अटल एक्सप्रेस-वे के लिए चिन्हित सरकारी जमीन का कब्जा दिलाये। उस वक्त एनएच के अधिकारी भी शामिल रहेंगे उसी दिन 10 अक्टूबर को ही शाम को पटवारीगण कब्जा देने की रिपोर्ट देगे। गांव में आरआई एवं नायब तहसीलदार भी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अटल एक्सप्रेस-वे के लिए प्रायवेट जमीन की आवष्यकता है इसलिए पटवारी गांव में जाकर प्रायवेट जमीन जिस खातेदार की है एक-एक खातेवार प्रकरण बनाएंगे खातेदार की जमीन से दोगुनी जमीन चिन्हित करेंगे जो खातेदार को दी जा रही है दोनो ही जमीन की कीमत आंकेगे।

## जैवविविधता के अंतर्गत पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों की विलुप्त हो रही प्रजातियों को बचाने के लिए हमें आगे आना होगा : कलेक्टर

### जैवविविधता संरक्षण हेतु प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग कम से कम करें : एसपी

**भिण्ड।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, डीएफओ श्री व्हीएस होतगी के मुख्य आतिथ्य में जैवविविधता धरोहर, जैव विविधता संरक्षण, प्राकृतिक संरक्षण संसाधन का संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण आदि विषयों के प्रति छात्रों को जागरूक करने राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में किया गया। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जैवविविधता के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक कर कहा कि प्राकृतिक संतुलन के लिए पृथ्वी पर उपस्थित सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधों का संरक्षण आवश्यक है। जैव विविधता मानव समुदाय के अस्तित्व के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के अभाव में प्रकृति की संतुलन क्षमता धीरे-धीरे खत्म हो रही है जिसका प्रभाव भी देखने का मिल रहा है। जैव विविधता के अंतर्गत पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों की विलुप्त हो रही प्रजातियों को बचाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय का सदुपयोग कर जीवन में एक आदर्श व्यक्ति बनें। विद्यार्थी जीवन में जो लापरवाही करता है उसका पूरा जीवन कठिनाइयों से भरा होता है। वहीं कड़ी मेहनत और लगन से पड़ने वाला विद्यार्थी अपने जीवन को सुखमय बनाता है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 110 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर के सामाजिक न्याय विभाग कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 110 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के समक्ष ग्राम कतनाकापुरा पोस्ट बबेडी निवासी श्रीकृष्ण सिंह ने बाढ में हुई छति का मुआवजा दिलाने, बार्ड 39 मातादीन का पुरा निवासी रामसनेही जाटव ने भुजपुरा पटवारी के द्वारा मेरी जमीन के आदेश पालन कराने संबंधी, पुरानी बस्ती वार्ड क्र.27 निवासी कुंवर सिंह ने पत्नी के नाम उज्जवला गैस दिलाने संबंधी एवं गलत गैस कनेक्षन की जांच कराने संबंधी, ग्राम नयागांव निवासी आनंद सिंह ने बिजली के खम्बे से मेरी भैस एवं बेल की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को अग्रेसित कर कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपो का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनो पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



## ड्रग्स में फंसा बॉलीवुड

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड से ड्रग्स गैंग का सफाया करने की ओर निकली एनसीबी अब शाहरुख खान के घर तक जा पहुंची है। उनके बेटे आर्यन की गिरफ्तारी के बाद पूरी मायानगरी में हड़कंप की स्थिति है। बॉलीवुड में नशे की बढ़ती लत और उससे रोज हो रहे खुलासे चौंकाने वाले हैं। एक-एक कर बड़े नाम सामने आने के बाद यह तो तय हो गया है कि बॉलीवुड गहरे तक ड्रग्स के दलदल में फंसा है। पिछले साल नामी अभिनेता और अभिनेत्रियों का नाम सामने आने के बाद एनसीबी की नजर हर एक पर है। आज आंच शाहरुख खान के बेटे तक पहुंची है, कल किसी और के। मगर सवाल यह है कि आखिर बॉलीवुड नशे के जाल में फंस कैसे रहा है। कौन है जो उन तक नशा पहुंचा रहा है और किस वजह से ये ड्रग्स ले रहे हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री यानी बॉलीवुड इन दिनों बेहद मुश्किल वक्त से गुजर रहा है और इसमें काम करने वाले कई प्रमुख चेहरों पर फैंस की उंगलियां उठ रही हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद जिस तरह बॉलीवुड माफियाओं की बात सामने आई और फिर सीबीआई जांच में ड्रग्स एंगल सामने आने के बाद जिस तरह से हर दिन फिल्म इंडस्ट्री के कई फेमस सेलेब्स पर ड्रग्स की खरीद फरोख्त और सेवन के आरोप लगते जा रहे हैं, उससे सोशल मीडिया पर हंगामा मचा हुआ है और लोग इन स्टार्स से सवाल पूछ रहे हैं कि बड़े पर्दे पर नशामुक्ति और डिप्रेशन को लेकर ज्ञान देने वालीं इन हस्तियों की दुनिया तो खुद ही ड्रग्स और गांजे के साये से घिरी हुई हैं, ये क्या दूसरों के लिए आदर्श साबित होंगी या होंगे? सबसे पहले ड्रग्स मामले से सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह का नाम जुड़ा और फिर दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर, जैकलीन फर्नांडिस श्रद्धा कपूर के बाद अब दीया मिर्जा का नाम सामने आने के बाद अब शाहरुख के बेटे का नाम सामने आने के बाद फैंस की हैरानगी चरम पर पहुंच गई है कि फिल्म इंडस्ट्री के बाकी लोगों के तो भगवान ही मालिक हैं। हालांकि, ये बातें पहले भी उठती रही हैं, लेकिन बड़े स्टार्स की संलिप्तता को लेकर किसी को विश्वास नहीं होता था। बीते दिनों सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले की जांच के दौरान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को ड्रग्स एंगल की भनक लगी और अधिकारियों ने जब रिया चक्रवर्ती और उनके भाई समेत अन्य लोगों के वॉट्सएप चैट खंगाले तो जैसे एक-एक कर चीजें साफ होती गईं और तब से फिर जो-जो हुआ, वो आप सब तो जानते ही हैं।बॉलीवुड के बड़े स्टार्स के नाम ड्रग्स मामले से जुडऩे के बाद जिस तरह से सोशल मीडिया और न्यूज चैनल पर जंग शुरू हो गई है, उससे साबित हो रहा है ये लड़ाई ज्यादा खिचेगी और आने वाले समय में और कई बड़े स्टार्स पर उंगलियां उठने वाली हैं। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। उसी के बल पर देश विकास के पथ पर प्रगतिशील होने का दम्भ भर रहा है, वहीं युवा पीढ़ी अब नशे में घुलती जा रही है, यह चिन्ता का विषय होना ही चाहिए फिल्म अभिनेता सुशांत की आत्महत्या के बाद ड्रग्स एंगल सामने आया तो प्याज के छिलकों की तरह फिल्म और टीवी की दुनिया की परतें उधडऩे लगी। बालीवुड ही क्यों दक्षिण भारत में भी ड्रग्स मामले में बेंगलुरु में अभिनेत्रियों की गिरफ्तारी हुई है। टालीवुड में भी कुछ केस सामने आ रहे हैं। कुछ जगहों पर प्रतिबंधित नशीले पदार्थों के कारोबार के तथ्य लगभग उजागर हैं। पंजाब में जब ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बना ली तो सीमांत क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर युवा इसकी गिरफ्त में आते गए। ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें आने लगी। विधवाओं के क्रंदन ने पंजाब को हिला कर रख दिया।

# कम्युनिस्टों के लिए भस्मासुर साबित हुए कन्हैया कुमार

**विष्णुगुप्त**

कन्हैया कुमार से कम्युनिस्टों की बहुत उम्मीद थी, कम्युनिस्टों ने कन्हैया कुमार को अपना आईकॉन मान लिया था, मास लीडर मान लिया था, नरेन्द्र मोदी का विकल्प मान लिया था, अपने खोये हुए जनाधार और आकर्षण को फिर से प्राप्त करने की शक्ति मान ली थी। इतना ही नहीं बल्कि जब कभी कन्हैया कुमार नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आग उगलता था, आलोचना की हदें पार करता था तब कम्युनिस्ट काफी खुश होते थे, चमत्कृत होते थे और कहते थे कि कन्हैया कुमार ने नरेन्द्र मोदी को धो दिया, पूरी तरह से बेनकाब कर दिया, अब तो नरेन्द्र मोदी की छवि पानी भरने गयी, अब तो नरेन्द्र मोदी का जनाधार चला गया, अब जनता नरेन्द्र मोदी को खारिज कर देगी आदि-आदि। कन्हैया कुमार भी बेलगाम और शिष्टाचार की सभी मापदंड और परमपरा को तोड़ते हुए सिर्फ अश्लील और अपमानजनक टिप्पणियां करने की राजनीति को सफलता का मूल मंत्र मान लिया था। उसे अहंकार हो गया था कि जेएनयू का अध्यक्ष क्या निर्वाचित हुआ कि बहुत बड़ा तीसमार खां बन गया है, उसकी छवि सरदार भगत सिंह और सुभाषचन्द्र बोस सरीखी बन गयी है, विद्यार्थी वर्ग ही नहीं बल्कि सभी वर्ग जिस तरह से सरदार भगत सिंह और सुभाष चन्द्र बोस आदि के समर्थन में सिर झुकाते हैं उसी प्रकार से भारत की जनता भी उनके सामने सिर झुकायेंगी। ऐसी गलतफहमी जिस भी राजनीतिज्ञ की होती है उसकी राजनीति चौपट होनी निश्चित है, उसकी छवि पर आंच आनी निश्चित है, जनता का समर्थन घटना निश्चित है, जनता के बीच जगहंसाई होनी निश्चित है। गलतफहमी, खुशफहमी और अति महत्वाकांक्षा का दुष्परिणाम यह निकला कि कन्हैया कुमार धीरे-धीरे अप्रासंगिकता की ओर बढ़ने लगा, उनकी बातें फालतू और बेअर्थ लगने लगी, कम्युनिस्ट पार्टियों के लिए कन्हैंया कुमार की बातें आत्मघाती भी बनती गयीं।

अमीरी की कब्र पर जन्मी गरीबी की घास बहुत जहरीली होती है। इसी तरह चमकने के बाद धूमिल होने की पीड़ा असहनीय होती है, खास होने के बाद गुमनाम होने का दर्द बहुत ज्यादा होता है, एक बार मिली कामयाबी के बाद बार-बार मिलती नाकामयाबी अवसाद को बढाती है। कन्हैया कुमार के साथ ऐसा ही हुआ है। हर राजनीतिक चुनाव में उसे जीत की उम्मीद बढ़ गयी, अपनी पार्टी में उसे आईकॉन बनने का भूत सवार हो गया, उसकी मानसिकता पार्टी को मुट्ठी में बांध कर चलने की हो गयी, पार्टी का अनुशासन और परमपरा उसके लिए कोई अर्थ नहीं रह गया, राजनीतिक सक्रियता में अनुशासन और परमपरा को बंधन और पिजड़ा मान लिया। उसे पिजड़े में रहना स्वीकार नहीं हुआ। उस पर अराजकता और स्वच्छंदता हावी हो गयी। राजनीतिक अराजकता और राजनीतिक स्वच्छंदता हर जगह नहीं चल सकती है, हर पार्टी में नहीं चल सकती है। राजनीतिक अराजकता और राजनीतिक स्वच्छंदता तो वंशवादी और जातिवादी राजनीति के घरानों में चल सकती है, जातिवादी और वंशवादी राजनीतिक घरानों में जन्म लेने वाले लोग ही राजनीति में अराजकता और स्वच्छंदता पर सवार हो सकते हैं, अराजकता और स्वच्छंदता के सहचर बन सकते हैं, अपनी-अपनी पार्टियों में उटपटांग राजनीतिक बयान दे सकते हैं, अपने सामने सभी को बौना समझ सकते हैं, सभी को एक लाठी से हांक सकते हैं, अपनी बात को पार्टी का कानून बना सकते हैं, जो मर्जी हो वह कर सकते है। जैसे कांग्रेस की वंशवादी राजनीति में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजद में यशस्वी यादव और तेजप्रताप यादव , सपा में अखिलेश यादव, अकाली दल सुखबीर सिंह बादल, द्रमुक मे स्टालिन आदि हैं। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, यशस्वी यादव, अखिलेश यादव, सुखबीर सिंह बादल, स्टालिन आदि राजनीति में कुछ भी कर सकते हैं, क्योंकि उनकी पार्टी वंशवादी है और जातिवादी है, जिन पर एक ही खानदान का वर्चस्व होता है, एक ही खानदान की जागीर होती है, एक ही खानदान की पार्टी रखैल होती है उन पर वंशवादी और जातिवादी मानसिताएं मनोरंजन करती हैं। कन्हैया कुमार किसी वशवादी और जातिवादी पार्टी की उपज नहीं हैं और न ही कन्हैंया कुमार अपने आप को राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, अखिलेश यादव, सुखबीर सिंह बादल और स्टालिन की श्रेणी में खड़े समझ समझ सकते हैं। कन्हैया कुमार उस राजनीतिक विचारधारा की उपज हैं जो कहने के लिए अंतर्राष्टीय है और देश की संस्कृति और सभ्यता से उसे कोई सरोकार नहीं है, जिन पर आयातित संस्कृति और मुल्लावाद हावी रहता है। कन्हैया कुमार के अंदर वैचारिक प्रागढ़ता कभी थी नहीं, कन्हैया कुमार की पार्टी सीपीआई के पास भी वैचारिक प्रागढ़ता थी नहीं, कन्हैया कुमार को अपना आइकॉन मान लेने वाले अन्य कम्युनिस्टों के पास भी वैचारिक प्रागढ़ता थी नहीं, कन्हैया कुमार को नायक प्रत्यारोपित करने वाले मीडिया के पास भी वैचारिक प्रागढ़ता थी नही। इन सभी के पास राजनीति की न तो समझ थी और न ही कन्हैया कुमार जैसे पर राजनीतिक दांव खेलने की कला की समझ थी। कन्हैया कुमार के पास वैचारिक प्रागढ़ता होती तो निश्चित तौर पर वह कांग्रेस का दामन थामने के लिए ललायित नहीं होता, परेशान नहीं होता, वह राहुल गांधी की चरणवंदना करने के लिए मजबूर नहीं होता जो इतने सालो के बाद भी राजनीति में अभी भी मनोरंजन का ही पात्र है और अपना मुंह खोलता है तो फिर अपनी पार्टी का ही बड़ा नुकसान करता है। राजनीतिक परिपक्ता कोई हंसी-खेल की चीज नहीं है। राजनीतिक परिपक्वता तभी हासिल होता है जब कोई राजनीतिज्ञ सालों से मेहनत करता है, सालो से अपना समर्थन दिखाता है, अपनी वैचारिक प्रागढ़ता पर गर्व करता है, अपनी वैचारिक प्रागढ़ता पर अडिग रहता है। उम्र और अनुभव भी बहुत मायने रखती है। कन्हैया की अभी उम्र ही क्या थी, उसके पास अनुभव ही क्या था? अभी तो उसे राजनीति की दांव-पेंच सीखने की जरूरत थी, अपनी वैचारिक प्रागढ़ता को मजबूत करने की जरूरत थी। लंबे संघर्ष की जरूरत थी, जनता की उपयोगी नीतियो पर काम करने की जरूरत थी। आम जनता जिन समस्याओ से आक्रांत है उन समस्याओं के खिलाफ संघर्ष करने की जरूरत थी। अगर ऐसा करने में कन्हैया कुमार सही में सक्षम होता तो निश्चित मानिये कि वह एक परिपक्व राजनीतिज्ञ बन सकता था? माना कि कन्हैया कुमार ना समझ है, नासमझी में उसने अपने उपर गिरगिट वाली कहावत को बोझ बना डाला। लेकिन कन्हैया कुमार की भूतपूर्व पार्टी सीपीआई और अन्य कम्युनिस्ट कैसे और क्यों ना समझ बन गये, उनकी राजनीतिक समझदारी कैसे पराजिज हो गयी? सीपीआई और अन्य कम्युनिस्ट कन्हैंया कुमार को अपना आईकॉन माना ही क्यों था? उसे रातोरात सिर पर बैठाया ही क्यों? इसी का तो दुष्परिणाम सामने आया है। कम्युनिस्ट पाटियां और सभी प्रकार के कम्युनिस्ट अपने आप को दुनिया का सबसे बड़े विद्वान और दुनिया का सबसे बड़े समझ वाले समझते हैं। वे यह समझते हैं कि उनकी समझ को कोई चुनौती दे ही नहीं सकता है, उनकी समझ कभी भी पराजित हो नहीं सकती है। सोवियत संघ के विघटन और माओत्से तुंग की चीन में अर्थी निकलने और पूंजीवाद की स्थापना के बाद भी कम्युनिस्ट अपनी इस खुशफहमी से बाहर निकलने की कोशिश ही नहीं करते हैं। उनको समझाने वाले या फिर उनसे सहमत नहीं रहने वालों पर वह फौरन विफर पड़ते हैं, ये सामने वाले को तुरंत उपनिवेशवाद का दलाल, शोषण करने वाला सामंत और दंगाई-सांप्रदायिक घोषित कर अछूत बना डालेंगे। अब तक मान्य परमपरा यह थी कि कम्युनिस्ट पार्टियो मे कोई रातोरात आईकॉन नहीं बनता है, रातोरात किसी को पार्टी का बड़ा नेता नहीं स्वीकार कर लिया जाता, रातोरात किसी के पीछे पूरी पार्टी नही भाग सकती है। पर कन्हैंया कुमार के प्रसंग में कम्युनिस्ट पार्टियों ने इस अपनी मान्य परमपरा को तोड़ा,रातोरत कन्हैंया कुमार के पीछे खडे हो गये।

## क्या है शुद्ध अहिंसा!

गांधी जी ने अपने जीवन में अहिंसा के विविध प्रयोग किए। वे एक वैज्ञानिक थे। उनका जीवन प्रयोगशाला था। उनका प्रारंभिक और अंतिम साहित्य देखने से यह तथ्य भलीभांति स्पष्ट हो जाता है। बड़े जीव की सुरक्षा के लिए छोटे जीव को मारने में वे पाप बताते थे। खती को हानि पहुंचाने वाले बंदर, हिरण तथा अन्य जहरीले जानवरों को मारने में भी वे पाप मानते थे। यद्यपि आवश्यकतावश उन्होंने जीवों को मारने की इजाजत भी दी, पर उसे शुद्ध अहिंसा कभी नहीं माना। मेरे सामने भी ऐसे प्रश्न आते हैं कि बिल्ली चूहे को मारती है तो उसे बचाना अहिंसा है या नहीं? मैं कहता हूं कि बचाना या बिल्ली को भगाना आपका काम है। मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं करता, किंतु इसे शुद्ध अहिंसा नहीं माना जा सकता। शुद्ध अहिंसा वही है जहां हिंसक का दिल बदले। बिल्ली से आप चूहे को बचा सकेंगे, किंतु उसे अहिंसक नहीं बना सकते। बूचड़खाने में पैसा देकर आप जानवरों को बचा सकते हैं, किंतु ऐसा करके आप कसाई को अहिंसक नहीं बना सकते। मैं किसी को बचाने में अवरोधक नहीं बनता। किंतु मेरा वास यह है कि अहिंसा और धर्म को पैसों से खरीदा नहीं जा सकता। डंडे के बल से भी अहिंसा नहीं हो सकती। वह तो किसी के दिल को बदलने से ही हो सकती है। आज धार्मिकों की स्थिति बड़ी दयनीय है। उन्हें देखकर दिल में दर्द होता है। जैसे-तैसे शोषण से पैसे का अर्जन करते हैं, फिर उससे किसी मंदिर का फर्श और धर्मशाला बनाकर या सदाव्रत खोलकर मन से सोचते हैं कि हमने धर्म किया है। यह कैसी विडंबना है? धर्म नहीं कहता कि आप पाप से पैसा कमाएं। ऐसे धार्मिक लोग हथियार नहीं रखते, किंतु कलम से न जाने कितनों के गले काट लेते हैं। कोई किसान सेठ के पास बैठा था। सेठ के कान से कलम गिर पड़ी। किसान बोला- आपकी छुरी गिर गई है। सेठ झुंझलाकर बोला- कैसी बात कर रहे हो, हम तो धार्मिक आदमी हैं, फिर छुरी कैसे रख सकते हैं? किसान ने कलम हाथ में लेकर पूछा- यह क्या है?

## मद्य/शराब- पिए और मौत बुलाएँ

**डॉ. अरविन्द प्रेमचंद जैन**

मध्य प्रदेश शासन मद्य मुक्त शासन होना चाहिए कारण इससे शासन को मात्र लाभ होता हैं,राजस्व के लिए वितरण किया जाता हैं,मात्र आर्थिक लाभ के लिए पर इससे कितनी व्यक्तिगत आर्थिक,सामाजिक और स्वास्थ्य के लिए कितना नुक्सान होता हैं वह सत्ता में बैठे लोगों को कोई मतलब नहीं हैं। कारण शासन सूरा सुंदरियों और मांस,मछली स्वयं परोसती हैं। आज सरकारी संस्थानों,होटल्स में इनका उपयोग खुले आम हो रहा हैं और क्यों न हो। कारण इससे सराकर को आमदनी होती हैं। सरकार को नैतिक और अनैतिकता से कोई मतलब नहीं हैं।

लॉक डाउन के समय सरकार की आमदनी का साधन शराब,पेट्रोल डीज़ल और अन्य साधन रहे,शराब की बिक्री न होने से सरकार की नींद ख़तम हो गयी थी।

वैसे शराब प्रतिबन्ध होने से जितना राजस्व मिलेगा उससे अधिक निजी स्तर पर स्वास्थ्य,सामाजिक,आर्थिक नुक्सान होता हैं।

मधु मद्य नवनीतम पिशितम च महाविकृतयासतः वल्भ्यन्ते न वृत्तिना तदवर्णा जंतवस्तत्र (.पु .सि उ 71 )

शहद,मदिरा मक्खन ुर मांस तथा महाविकारों को धारण किये पदार्थ व्रती पुरुष को भक्षण करने योग्य नहीं हैं क्योकि उन वस्तुओं में उसी वर्ण व जाति के जीव होते हैं।

मद्य मन को मोहित करता हैं,मोहित चित्त होकर धर्म को भूल जाता हैं ुर धरम को भुला हुआ वह जीव निःशंकपने हिंसा रूप आचरण करने लगता हैं। रस द्वारा उतपन्न हुए अनेक एकेन्द्रियादिक जीवों को यह मदिरा योनिभूत हैं। इस लिए मद्य सेवन करने वाले को हिंसा अवश्य होती हैं। अभिमान,भय जुगुप्सा,रति,शोक तथा काम क्रोधादिक जितने हिंसा के भेद हैं वे सब मदिरा के निकटवर्ती हैं। (पु.सि उ 62-64 )



जिसकी एक बून्द के जीव यदि फ़ैल जाएँ तो तीनों लोकों को भी पूर्ण कर देते हैं,और जिस मद्य के द्वारा मूच्छिर्त हुए मनुष्य इस लोक और परलोक दोनों को नष्ट कर देते हैं। उस मद्य को कल्याणर्थी मनुष्य अवश्य ही छोड़े। जिसके पीने से मद्य में पैदा होने वाले उस समाप्त जीव समूह की मृत्यु हो जाती हैं,और पाप अथवा निंदा के साथ साथ काम,क्रोध,भय तथा भ्र्म आदि प्रधान दोष उदय को प्राप्त होते हैं,उस मद्य को छोड़ने वाला पुरुष धूर्त्तित नामक चोर की तरह विपत्ति को प्राप्त नहीं होता। और उसके पीने वाला एकपात नमक सन्यासी की तरह निंद्य आचरण को करता हुआ दुर्गति को प्राप्त होता हैं। (सा .ध.2/4-5 ) इसके पीने से पहले तो बुद्धि भ्र्ष्ट होती हैं,फिर ज्ञान मिथ्या हो जाता हैं अर्थात माता,बहन आदि को भी स्त्री समझने लगता हैं। उससे रागादिक उतपन्न होते हैं उनसे अन्यायरूप क्रियाये तथा उनसे अत्यंत क्लेश रूप जन्म मरण होता हैं। ( ला .सं /2/70 )

इथेनॉल का आणविक सूत्र ष्ट2॥6ह है, जो दर्शाता है कि इथेनॉल में दो कार्बन और एक ऑक्सीजन होता है। हालांकि, इथेनॉल का संरचनात्मक सूत्र, ष्ट2॥5ह॥, थोड़ा और विवरण प्रदान करता है, और इंगित करता है कि 2-कार्बन श्रृंखला के अंत में एक हाइड्रॉक्सिल समूह (-ह॥) है

शराब पीने के नुकसान इतने गंभीर हैं की ये सीधा सीधा आदमी के जीवन को नरक बना सकती है, और बनाती भी है। असल में पहले पुराने लोग इसका इस्तेमाल दवा के रूप रूप में करते थे, इसीलिए उस समय इसको दारु के नाम से जाना जाता था।

तो इससे ये बात भी साबित हो जाती है की अगर आप इसको दारु के रूप में (कम मात्रा में) इस्तेमाल करते हैं तो ये आपको कुछ स्वास्थ्य लाभ भी देती है। लेकिन अगर आप इसे शराब के रूप में (ज्यादा मात्रा में) उपयोग करेंगे तो ये आपके शरीर और ज़िन्दगी दोनों को बर्बाद कर देगी। अगर आपने इसका इस्तेमाल नशा करने के लिए किया या अपने आप को मदहोश करने के लिए किया तो ये आपको कुछ ही दिन में बर्बाद कर देगी। वो कहते हैं ना की जब तक आप शराब को पीते हैं तब तक ठीक है, लेकिन जब शराब आपको पीने लग जाये तो समझ जाइये की शराब छोड़ने के उपाय सोचने का समय आ गया है।

# कोरोना के बाद ब्रह्माकुमारीज की एक सुनहरी यात्रा !

### सूडोकु नवताल-5854

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5853 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

कोरोना महामारी की कड़वी यादों के साथ लगभग दो वर्ष बाद एक अक्टूबर को जब आबू की धरती पर कदम रखा तो लगा जैसे लंबे गहरे अंधेरे के बाद उजाला हो गया हो।अलसवेरे तीन बजकर पांच मिनट पर आबू रोड रेलवे स्टेशन पर बने ब्रह्माकुमारीज बस स्टैंड पर वही पहले जैसी चहल पहल थी।हालांकि ईश्वरीय सेवा व राजयोग का अभ्यास करने आए यात्रियों की संख्या बीते सामान्य दिनों की अपेक्षा कम थी ,साथ ही चेहरों पर लगे मास्क यह संदेश भी दे रहे थे कि हमे अभी सावधानी बरतनी है।लेकिन उनके चेहरे पर एक चमक और एक खुशी भी थी ,इस रूहानी यात्रा को लेकर।इनमे अधिकतर ज्ञान सरोवर जा रहे थे,कुछ को शांति वन जाना था।तभी हमारी गाड़ी आ गई और ईश्वरीय सेवा में लगे संतोष भाई ने हमे दस मिनट में शांतिवन पहुंचा दिया।सुबह साढ़े तीन बजे जब सभी नींद के गहरे आगोश में सोए हो तब भी ब्रह्माकुमारीज में अमृत बेला का योग शुरू हो चुका था।यह वह संस्था है जो अपने राजयोग के माध्यम से दुनियाभर को पवित्रता और शांति देती है।शांतिवन में पहली बार एक कमी खली,जिस दादी जानकी को हम उनकी 104 वर्ष की आयु में भी शक्ति भवन में सबको दुआएं देते देखते थे,उनके परमधाम चले जाने के कारण उनका स्मृति स्थल बन चुका है।साथ ही जिन ह्र्दयमोहिनी दादी जिन्हें प्यार से गुलजार दादी कहते है और जिनके माध्यम से परमात्मा के ईश्वरीय वाक्य सुनकर हम प्रभु मिलन मनाते थे,उनके द्वारा भी शरीर



छोड़ देने के कारण उनकी स्मृति सदा के लिए यहां स्थापित हो गई।दादी जानकी कहती थी, मैं कौन ?मेरा कौन? यानि मैं एक आत्मा और मेरा केवल परमात्मा।बिलकुल वही अनुभूति अमृत बेला में इस धरा पर आकर मुझे हुई। इस यात्रा में मेरे साथ श्री वेंकेटेश्वर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी भी आए है जिन्होंने अपने विश्वविद्यालय की ओर से ब्रह्माकुमारीज के द्वारा संसार मे शांति स्थापना, चरित्र निर्माण और मूल्यपरक शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए संस्था के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युन्जय भाई को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।वही इस अवसर पर संस्थान के अंतरराष्ट्रीय पीस ऑफ माइंड चैनल के काव्य सरिता कार्यक्रम में सहभागिता मेरे लिए किसी ईश्वरीय वरदान से कम नही है।बीके विवेक भाई के संचालन में यह कार्यक्रम खासा चर्चित है। [01/10, 5ः00 ृरू] 246218ः दुनिया को शांति,एकता व समृद्धि के सूत्र में पिरोने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने हमेशा नैतिकता को अपनाकर ईश्वरीय पथ पर चलने की सीख दी है।दादी जानकी कहा करती थी, %परमात्मा मेरा शिक्षक, सदुरु, सखा, माता और पिता भी है। मैं सदा याद रखती हूं, मैं कौन (आत्मा) और मेरा कौन (परमात्मा)। हम सभी एक पिता की संतान हैं। आपस में भाई-बहन हैं। इसी स्वमान में सदा मग्न रहती हूं। यदि जीवन में प्रेम और सच्चाई है तो खुशी अपने आप आ जाएगी। सदा खुश रहो, आबाद रहो। ब्रह्माकुमारी संगठन की ओर से नारी शक्ति के सम्मान में जो कार्य किया रहा है ,उस पर आज नही तो कल एक इतिहास लिखा जाएगा।क्योंकि भारत की पहचान उसकी भौगोलिकता, देश के नाम व सीमा से नहीं है बल्कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिकता से है।ब्रह्माकुमारीज के आश्रमो में जाकर आध्यात्मिक ऊर्जा, उत्साह, शान्ति, सदभाव का प्रेरणादाई अनुभव होता है।

यह संस्था विश्व के 140 देशों में चेतना जागृति, ध्यान, आत्म सशक्तिकरण, राजयोग मेडिटेशन का कार्य अनवरत कर रही है।यह कार्य साधारण नहीं है, इसी लिए इसे परमसत्ता का कार्य ही कहा जा सकता है। परमसत्ता की सच्चाई अविभाज्य है। आंतरिक भाव से ही सत्य को खोजा जा सकता है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी आदि ने अपने- अपने तरीके से सत्य की खोज की।

## आय हो करमुक्त और खर्च करयुक्त !

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

काला धन छिपाने और टैक्स चोरी करने के कई तरीके हैं लेकिन जब आपके हाथों अरबों-खरबों आ जाएं तो आप कुछ ऐसे तरीके अपनाते हैं कि आप सरकार की पकड़ के बिल्कुल बाहर हो जाएं। इनमें आजकल सबसे ज्यादा पसंदीदा तरीका यह है कि आप अपना सारा पैसा कुछ ऐसे छोटे-मोटे देशों जैसे पनामा, बरमूदा, लग्जमबर्ग और स्विटरजरलैंड आदि की बैंकों में छिपाकर रख दें। ये बैंक गोपनीयता बनाए रखते हैं और बहुत कम शुल्क लेते हैं। 2015-16 में जब 'पनामा पेपर्स' ने पोल खोली थी तो दुनिया में उससे काफी तहलका मचा था। कुछ भारतीयों के नाम भी उसमें थे। भारत सरकार ने उन्हीं दिनों इस तरह के काले धन को पकड़ने और दंडित करने का कठोर कानून भी बनाया था लेकिन अभी 'पेंडोरा पेपर्स' के भांडाफोड़ ने सारी दुनिया में तहलका मचा दिया है। कई देशों के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और बादशाहों के नाम भी उजागर हो रहे हैं। खोजी पत्रकारों के एक समूह ने 14 कंपनियों के लगभग सवा करोड़ दस्तावेजों में से खोजबीन करके 2900 खातों को पकड़ा है, जिनमें 130 बिलियन डॉलर जमा हैं। इनमें 300 भारतीय और 700 पाकिस्तानी खातेदारों के नाम भी हैं। इन लोगों में ज्यादातर उद्योगपति और व्यापारी हैं लेकिन नेताओं, अधिकारियों, अपराधियों और तस्करों के नामों की भी भरमार है। उद्योगपति और व्यापारी तो प्रायः अपनी मेहनत का पैसा वहाँ छिपाते हैं, सिर्फ टैक्स बचाने के लिए लेकिन नेताओं, अफसरों और तस्करों का पैसा तो सर्वथा अनैतिक और अवैधानिक कामों से पैदा होता है। लेकिन उनके इस अपराध का फायदा सभी उठाना चाहते हैं। सबको पता है कि जहां नेता और अफसर फंसते हैं, वहां झट से पर्दा डाल दिया जाता है, क्योंकि हर पार्टी के नेता यही धंधा करते हैं। सरकार किसी भी पार्टी की हो, वह नेताओं पर हाथ कैसे डाल सकती है? इसीलिए भारत के 300 खातेदारों के नाम अभी तक बताने में सरकार हिचकिचा रही है। सरकार चाहे तो उसका रवैया दो-टूक हो सकता है। जिन लोगों ने अपना पैसा विदेशी बैंकों में जमा करते वक्त कानून का पालन किया है, उन्हें किस बात का डर है? पाकिस्तान के कई मंत्रियों और अफसरों के नाम उजागर हो गए हैं और वे अपनी सफाइयाँ पेश कर रहे हैं। यहां असली सवाल यह है कि सरकार आयकर-कानून ऐसे क्यों नहीं बनाती कि लोग कम से कम कर-चोरी करें ? मैं तो सोचता हूं कि सरकार को आमदनी के बजाय खर्च पर कर लगाना चाहिए। यदि हर आदमी की आय करमुक्त हो जाए तो जो भी पैसा बचेगा, वह किसी अच्छे काम में लगेगा।

# छोटी अलमारी को व्यवस्थित करते समय न करें ये गलतियां, बढ़ सकती है परेशानी



अगर अलमारी बड़ी होती है तो उसे व्यवस्थित करने में परेशानी नहीं आती, लेकिन जब बात छोटी अलमारी की आती है तो उसे व्यवस्थित करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। दरअसल, कम जगह में अधिक सामान को व्यवस्थित करके रखना आसान काम नहीं होता। इसलिए कई बार कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिससे काम और मेहनत दोनों ही बढ़ जाती हैं। आइए आज ऐसी कुछ गलतियों के बारे में जानते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

**छांटा-छांटी न करना:** यह छोटी अलमारी को व्यवस्थित करते समय की जाने वाली सबसे बड़ी गलती है। दरअसल, जब भी बात अलमारी को व्यवस्थित करने की आती है तो कई लोग इसे खाली करना या फिर इसमें मौजूद सामान की छांटा-छांटी करना जरूरी नहीं समझते, जिसके कारण सिर्फ समय ही बर्बाद होता है। इसलिए जब भी आप अपनी अलमारी को व्यवस्थित करें तो पहले उसे खाली करें और जो सामान इस्तेमाल करने लायक नहीं है, उसे बाहर कर दें।

**गलत हैंगर का इस्तेमाल करना:** अगर आपको लगता है कि इस गलती से कुछ फर्क नहीं पड़ता है तो आप गलत हैं क्योंकि इसके कारण आप अपनी छोटी अलमारी को ढंग से व्यवस्थित नहीं कर पाएंगे। आजकल मार्केट में विभिन्न आकार और डिजाअन्स के हैंगर मिलते हैं। ऐसे में जब भी आप अपनी अलमारी को आर्गेनाइज करें तो यह अवश्य देखें कि हैंगर्स आपकी अलमारी के साइज के अनुसार सही हो। इसके साथ ही सभी हैंगर्स एक ही आकार और डिजाइन के होने चाहिए।

**आर्गेनाइजर के चयन में गड़बड़ी करना:** हम लोग घर को व्यवस्थित करने के लिए किसी भी तरह के डिवाइडर से लेकर स्टोरेज बॉक्स आदि कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन छोटी अलमारी को व्यवस्थित करते समय गलत आर्गेनाइजर का चयन करना बड़ी गलती है। ऐसा करने से आपकी अलमारी की जगह अधिक घिरेगी, जिससे सामान को बेहतर तरीके से रखना मुश्किल होगी। इसलिए बेहतर होगा कि आप ऐसी अलमारी के लिए फ्लैट शेल्फ डिवाइडर या फिर हैंगिंग आर्गेनाइजर का इस्तेमाल करें।

**हर तरह के कपड़े को अलमारी में रखना:** अगर आपकी अलमारी छोटी है तो आपके लिए यह बात समझनी बहुत जरूरी है कि आप जरूरत से ज्यादा कपड़ों को अलमारी में नहीं रख सकते हैं। ध्यान रखें कि हम सभी के पास ऐसे कपड़े होते हैं, जो केवल मौसम के आधार पर साल में केवल कुछ ही दिन पहने जाते हैं। ऐसे में आप मौसम बदलने पर अलमारी को एक बार जरूर खाली करें और उन कपड़ों को एक अतिरिक्त बैग में रखकर बेड बॉक्स के अंदर रखें।

## ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो सकती है 'अतरंगी रे', अक्षय कुमार ने की पुष्टि



महाराष्ट्र सरकार द्वारा हाल ही में सिनेमाघरों को खोलने की घोषणा की गई है. इस घोषणा के बाद एक के बाद एक फिल्म की रिलीज डेट फैंस के सामने पेश हो रही है. इस लिस्ट में अक्षय कुमार भी शामिल हैं. अक्षय कुमार की पाँच फ़िल्में-सूर्यवंशी, पृथ्वीराज, बच्चन पांडे, रक्षाबंधन और राम सेतु की रिलीज डेट सामने आ गई है. हालांकि इस लिस्ट में अक्षय की फिल्म अतरंगी रे शामिल नहीं है. हालांकि फैंस को बात से काफी आश्चर्य हुआ है आखिर अतरंगी रे पर कोई अपडेट क्यों नहीं सामने आया, हालांकि अतरंगी रे की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है. अक्षय कुमार ने बताया कि टीम डायरेक्ट-टू-ओटीटी रिलीज पर विचार कर रही है. हालांकि मैं ईमानदारी से कहूं तो, मैंने अभी तक अतरंगी रे को रिलीज की लिस्ट में शामिल नहीं किया है क्योंकि हम अभी भी इस पर विचार कर रहे हैं कि यह एक खूबसूरत है और क्या इसको ओटीटी पर रिलीज किया जाना चाहिए या फिर नहीं. हालांकि अतरंगी रे के लिए ओटीटी एक खास माध्यम है. उन्होंने आगे कहा है कि अतरंगी रे में एक ऐसी कहानी को पेश किया गया है जो पहले कभी फैंस के सामने नहीं आई है. मेरे और आनंद राय के लिए यह काफी महत्वपूर्ण है कि फिल्म के लिए सबसे सही माध्यम चुना जाए. एक्टर ने कहा है कि जितना मैं थिएटर के पक्ष में हूं उतना ही ओटीटी के लिए भी हूं. फिल्म के लिए सबसे अच्छा क्या रिलीज का माध्यम तय करना चाहिए. एक्टर की इस बात से साफ लग रहा है कि अक्षय कुमार, सारा अली खान और धनुष स्टारर ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी हाल ही में खबर आई थी कि अतरंगी के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।

# तारक मेहता एक्ट्रेस आराधना शर्मा ने ग्लैमरस लुक में ढाया कहर



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हर किरदार को दर्शकों का प्यार मिलता है. 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम एक्ट्रेस आराधना शर्मा भी इस शो में आने के बाद से लोगों की पहली पसंद बन गई हैं. अब आराधना ने कुछ ऐसी तस्वीरें शेयर की हैं जिन्हें देखकर हर कोई आहें भर रहा है. तस्वीरें कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं. इन तस्वीरों में आराधना शर्मा हर तस्वीर में काफी शरारत भरे पोज देती नजर आ रही हैं. उन्होंने बिकिनी स्टाइल येलो टॉप के साथ एक प्रिंटेड शॉर्ट स्कर्ट पहनी हुई है. तस्वीरों में वह कभी ठहाका लगाती तो कभी कैमरे की ओर किस देती नजर आ रही हैं. हेयर स्टाइल की बात करें तो आराधना ने यहां हाफ हेयर्स ओपन और बीच में एक छोटी सी पोनी बनाई हुई है. इस ड्रेस में आराधना के स्टाइलिश टैटू भी साफ नजर आ रहे हैं. 'स्पिलिट्सविला 12' की एक्स कंटेस्टेंट आराधना शर्मा जबसे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में शामिल हुई, तो उन्हें उतना ही प्यार और प्रसिद्धि मिली जितनी दूसरे कलाकारों को. बहुत कम समय में, दीप्ति, जासूस की भूमिका निभाने वाली आराधना शर्मा ने बहुत लोकप्रियता हासिल कर ली है. आराधना शर्मा रियल लाइफ में भी काफी बोल्ड हैं. एक्ट्रेस इन दिनों लगातार अपने हुस्न के जलवों की वजह से चर्चा में बनी हुई हैं. एक्ट्रेस के प्रेसेंट लुक की बात करें तो वो किसी ग्लैमरस दीवा से कम नहीं है. आराधना शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी तस्वीरें पोस्ट कर के फैंस का दिल जीत लेती हैं. आराधना शर्मा के इस फोटोशूट में वे बेहद कमाल के पोज दे रही हैं. तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दवाइयों की कालाबाजारी पर कई एपिसोड्स दिखाए गए थे. इसी बीच शो में आराधना शर्मा की एंट्री हुई थी. वो शो में हमेशा फॉर्मल ड्रेस पहने ही नजर आती थी. उन्होंने लेडी डिटेक्टिव का किरदार निभाय था. फैंस को भी उनका किरदार बेहद पसंद आया था. इसके पहले वे अलादीन-नाम तो सुना होगा नामक शो में भी नजर आ चुकी है।

# माधुरी दीक्षित की पहली वेब सीरीज फाइंडिंग अनामिका का फर्स्ट् लुक जारी



माधुरी दीक्षित ने बॉलीवुड में अपनी अलग ख्याति हासिल की है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को कई ऐतिहासिक फिल्में दी हैं। अपने अभिनय और नृत्य से इस अभिनेत्री ने लाखों दिलों पर राज किया है। फिल्मों में अपना जौहर दिखाने के बाद वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी नजर आएंगी। वह पिछले कुछ समय से अपनी पहली वेब सीरीज फाइंडिंग अनामिका को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब माधुरी अभिनीत सीरीज फाइंडिंग अनामिका का फर्स्ट् लुक जारी कर दिया गया है।

नेटफ्लिक्स के ग्लोबल फैन इवेंट टीयूडीयूएम का वर्चुअल आयोजन किया गया था। इस इवेंट का प्रसारण यूट्यूब पर किया गया था। यूट्यूब पर लाइव प्रसारण में इवेंट के इंडिया स्पॉटलाइट सेक्शन में कई शो और फिल्मों के फर्स्ट् लुक को जारी किया गया था। इस इवेंट के दौरान ही माधुरी की पहली वेब सीरीज फाइंडिंग अनामिका की पहली झलक दिखाई गई है। इस सीरीज का निर्माण करण जौहर द्वारा किया गया है। प्रोड्यूसर करण की डिजिटल कंटेंट प्रोडक्शन कंपनी धर्माटिक इस सीरीज का निर्माण कर रही है। माधुरी की सीरीज को करिश्मा कोहली और बिजॉय नांबियार ने डायरेक्ट किया है। सीरीज में मानव कौल, लक्षवीर सरन, मुस्कान जाफरी और सुहासिनी मुले भी नजर आने वाली हैं। बताया जा रहा है कि सीरीज में माधुरी एक अनोखे अवतार में नजर आएंगी। इससे पहले उन्होंने इस तरह के किरदार को अदा नहीं किया है। माधुरी की फाइंडिंग अनामिका एक फैमिली ड्रामा सीरीज होगी, जो एक ग्लोबल सुपरस्टार को केंद्र में रख कर बनाई गई है।

## सलमान खान के शो बिग बॉस 15 में नजर आएंगे मॉडल साहिल श्रॉफ

बिग बॉस ओटीटी का पहला सीजन हाल में समाप्त हुआ है। दिव्या अग्रवाल ने बिग बॉस ओटीटी का खिताब अपने नाम किया है। इसके बाद से ही दर्शकों को टीवी पर आने वाले सलमान खान के शो बिग बॉस 15 का इंतजार है। आए दिन इस शो से कई हस्तियों के नाम जुड़ रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि सलमान के शो बिग बॉस 15 में मॉडल साहिल श्रॉफ नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, साहिल सलमान के शो बिग बॉस 15 के कन्फर्मड प्रतिभागी हैं। शो के प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने शो में साहिल के भाग लेने की पुष्टि की है। साहिल ने हिन्दी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत शाहरुख खान अभिनीत फिल्म डॉन से की थी। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी। फिल्म में उन्होंने अर्जुन नाम के एक युवा पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा भी नजर आई थीं। शाहिल ने द अमेजिंग रेस एशिया के पहले सीजन में प्रतियोगी के रूप में भाग लिया था। बिग बॉस 15 के लिए एक और कन्फर्मड प्रतिभागी का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि शो में गायिका अकासा सिंह भी दिखेंगी। उन्हें नागिन और खीच मेरी फोटो जैसे गानों के लिए जाना जाता है। दोनों गानों को उन्होंने ही आवाज दी थी। इस बार शो की शूटिंग मुंबई के गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी में हो रही है। इस बार शो का थीम जंगल में संकट है। बिग बॉस 15 का प्रसारण 2 अक्टूबर से कलर्स चैनल पर शुरू होगा। शो में शामिल होने के लिए कुछ प्रतिभागियों के नाम सामने आ चुके हैं। इनमें शमिता शेट्टी, डोनल बिष्ट, प्रतीक सहजपाल, निशांत भट, करण कुंद्रा, तेजस्वी प्रकाश, सिम्बा नागपाल, अफसाना खान के नाम शामिल हैं। वूट पर शो

# आकृति कक्कड़ और उनकी टीम को है लाइव स्टेज परफॉमेंस की चाहत



सिंगर आकृति कक्कड़ इस बात से खुश हैं कि लाइव म्यूजिक शो व्यवसाय में वापस से शुरु हो गया है। महामारी के दौरान सभी के लिए समय कठिन था, गायिका ने खुलासा किया कि वह और टीम लाइव स्टेज परफॉमेंस के लिए तरस रहे थे। भारत में लाइव संगीत परिदृश्य में सुधार के बारे में अपने उत्साह को साझा करते हुए, आकृति कहती हैं, पिछले दो साल मनोरंजन उद्योग के लिए असाधारण रूप से कठिन रहे हैं। सौभाग्य से मुझे सितंबर 2020 में जी बांग्ला पर सारे गामा पा को जज करने का काम मिला था। गायिका एक ऐसी टीम पाकर धन्य महसूस करती है जिसने उन्हें पूरे समय समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि मेरी टीम काम पर गति बनाए रखने और साथ ही साथ आराम और स्टूडियो रिकॉर्डिंग कार्य और अन्य कंटेंट निर्माण को संतुलित करने की दिशा में मेरे साथ काम कर रही है। लाइव शो के लिए और अब भी, मेरा बैंड हर यात्रा से पहले नियमित आरटी-पीसीआर जांच कराता है, यहां तक कि पूर्वाभ्यास, सभी फुल वैक्सीनेटिड हो गए थे। जब हम काम के लिए अपने घरों से बाहर होते हैं तो हम अपने हिस्से की सावधानी बरतते हैं। अपनी टीम के लिए एक दिलचस्प हैशटैग का हवाला देते हुए, सैटरडे सैटरडे की गायिका कहती हैं कि हैशटैग आकृति कक्कड़ लाइव लॉकडाउन के दौरान स्टेज एनर्जी के लिए तरस रहे थे, लेकिन नवंबर के बाद से यह एक बहुत ही संतुष्टिदायक प्रक्रिया रही है। ऐसे कठिन चुनौतीपूर्ण समय में मंच और यात्रा हमारे लिए जादू से कम नहीं थी। मंच पर होने पर भी, मेरा अधिकांश बैंड प्रदर्शन करते समय मास्क पहनता है। उम्मीद की किरण ढूंढ़ते हुए, वह कहती हैं कि जिन लोगों के लिए हम प्रदर्शन करते हैं, उनकी संख्या में भारी कमी आई है। लेकिन फिलहाल के लिए मुझे लगता है कि यह अच्छा है। जहां तक मेरी बात है, तो मुझे वह करने को मिल रहा है जो मुझे बहुत पसंद है, यह सब अच्छा है।

# घर के लिए पौधे खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन



अगर आप अपने घर को तरह-तरह के पौधों से सजाने पर विचार कर रहे हैं तो आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि आपके घर के लिए कौन सा पौधा बेहतरीन है। दरअसल, हर घर के साथ-साथ पौधों की जरूरतें भी अलग होती हैं, इसलिए सही पौधे का चयन करना बेहद आवश्यक है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताते हैं, जिन्हें ध्यान में रखकर आप अपने घर के लिए बेहतरीन पौधे खरीद सकते हैं।

**पौधे साइज पर दें ध्यान:** अगर आप अपने घर के लिए पौधे खरीद रहे हैं तो सबसे पहले उनके साइज पर खास ध्यान दें। बता दें कि आजकल मार्केट में मौजूद छोटे और बड़े पौधों के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। उदाहरण के लिए एक-दो फीट के पौधे की कीमत 5-6 फीट लंबे पौधे से कम हो सकती है। इसलिए जब भी आप पौधे खरीदें तो उसका साइज अपने बजट और अपने घर की जगह के अनुसार ही चुनें।

**पौधे को अच्छे से करें चेक:** किसी भी तरह के पौधे को घर लाने से पहले उसे अच्छी तरह चेक करना बहुत जरूरी है। बेहतर होगा कि आप ऐसे किसी भी पौधे को न लाएं, जो कमजोर नजर आए या फिर क्षतिग्रस्त हो। बता दें कि अच्छे पौधे की पत्तियां नरम और ताजी नजर आती हैं। वहीं, अगर आप पत्तियों पर धब्बे और निशान या फिर पीली दिखें तो यह किसी बीमारी या संक्रमण के कारण हो सकता है।

**लेबल को जरूर पढ़ें:** घर के लिए पौधे खरीदते समय उसके लेबल को ठीक से पढ़ना भी जरूरी है क्योंकि लेबल को अच्छी तरह से पढ़ने से आपको पौधे के लिए प्रकाश, पानी और फर्टिलाइजर की जरूरत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी होती है। इसके साथ ही कुछ लेबल इनके रखरखाव के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी देते हैं। हालांकि, अगर प्लांट पर लेबल नहीं है तो ऐसे में आप उस प्लांट की जानकारी को पहले इंटरनेट पर चेक करें।

कीड़े आदि हो तो न खरीदें पौधे: जब भी आप घर के लिए पौधे खरीदें तो यह जरूर चेक कर लें कि उसमें कोई कीड़ा न हो। आमतौर पर कीड़े या कीट पत्ते के नीचे या पौधों के तने पर छिप जाते हैं, जिससे उन्हें एक बार में पहचानना मुश्किल हो जाता है। इसलिए किसी भी पौधे को खरीदने से पहले उसमें कीड़ों का पता जरूर लगाएं।

## विजय देवरकोंडा और अनन्या की लाइगर में पूर्व बॉक्सर माइक टायसन की हुई एंट्री

विजय देवरकोंडा दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार माने जाते हैं। काफी समय से वह अपनी पैन इंडिया फिल्म लाइगर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। फिल्म को प्रोड्यूसर करण जौहर निर्मित कर रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म में मशहूर बॉक्सर माइक टायसन की एंट्री हो गई है। आइए जानते हैं पूरी खबर। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल इस जानकारी को साझा किया है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, दिग्गज मुक्केबाज टायसन फिल्म लाइगर में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस पैन इंडिया फिल्म में विजय और अनन्या नजर आएंगी। इस फिल्म को पुरी जगन्नाथ निर्देशित कर रहे हैं। वर्तमान में फिल्म की शूटिंग गोवा में चल रही है। धर्मा प्रोडक्शंस ने एक टीजर वीडियो शेयर किया है, जिसमें टायसन की झलक दिखी है। इस टीजर वीडियो में फिल्म के मेकर्स ने बताया है कि वे इस प्रोजेक्ट में टायसन को शामिल करके गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह पहला मौका होगा जब टायसन भारत में बड़े पर्दे पर अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करवाएंगे। इस फिल्म में विजय भी एक फाइटर बॉक्सर की भूमिका में नजर आएंगे।

## वन-टू-वन

### मद्यनिषेध सप्ताह के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता

**नीरज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड(ब्यूरो)।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -2 के द्वारा चलाये जा रहे मध्य निषेध सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के अंतर्गत चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में आज भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसका विषय %राष्ट्र विकास के लिए मद्यपान घातक है% रहा। यह कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक हेमंत कुमार, प्रवेश इन्दोरिया, शिवम गजरोलिया, निशा, रानू चौधरी, अंकित जाटव, अरवेश आदि स्वयंसेवको ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक के रूप में हिंदी विभाग की प्रोफेसर कमला नरवरिया, मौजूद रहीं। मंच का संचालन स्वयंसेवक अंशुल हरिऔध द्वारा किया गया।

### राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी द्वारा माननीय महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत नई दिल्ली के नाम किसानों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर ग्वालियर कलेक्टर को दिया ज्ञापन।




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-किसानो पर हो रहे अत्याचार को रोकने बावत राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी द्वारा माननीय महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत नई दिल्ली के लिये ग्वालियर कलेक्टर को दिया ज्ञापन। चंद्रहास तोमर एवम पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कहा गया कि भारत में हो रहे किसानो पर हत्याचारों को रोका जावें। श्रीमान् किसान आन्दोलन को सरकारों द्वारा राज्यों में उनकी हत्या कर कुचला जा रहा है। इस पर रोक लगाना अति आवश्यक है। हम एन.सी.पी., एन.वाई.सी. मध्यप्रदेश आपको यह सूचित कर रहे है कि हमें अति कष्ट हो रहा है। जब भारत में किसान आत्महत्या कर रहे है और उन्हें मारा जा रहा है। आप इस विषय में कार्यवाही करे तो हम सबको अति प्रसनता होगी। सम्पूर्ण भारत में आप स्वयं किसानों पर हो रहे अत्याचारों को अपने स्तर पर पता कर सकते है। हमारा यह कथन सत्य है इस पर कार्यवाही आवदेन देने के समय प्रदेश अध्यक्ष नीलेश शर्मा, संगठन मंत्री चंद्रहास सिंह तोमर, संभागीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह दांगी, भिण्ड जिला अध्यक्ष रामवीर सिंह अन्य लोग भी उपस्तिथ रहे।

### असमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा-एएसपी कमलेश कुमार



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(शहर का हाउसिंग कॉलोनी बनेगा पुलिस की निगरानी पॉइंट कोचिंग क्लासेस टीचरों को दी गई विशेष हिदायत)**

**भिण्ड।** शहर के बीचों बीच हाउसिंग कालोनी हैं,इस कालोनी में कई कोचिंग सेंटर चल रहे हैं,जहां हजारों छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। इस कालोनी में कुछ दिनों से असमाजिक तत्वों से परेशान होने की आये दिन छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस को शिकायतें प्राप्त हो रही थी ,जिस कारण शांति व्यवस्था और छात्र-छात्राओं को अच्छी पढ़ाई हो सके और आसामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा अब कड़े कदम उठाये जा रहे है।हाउंसिग कालोनी में कोचिंग क्लासेस चलाने बाले टीचरों को सख्त हिदायत दी गई ,कोचिंग क्लासेस में अंदर ओर बाहर सीसीटीवी कैमरे होना आवश्यक है ,हर छात्र ओर छात्राओं को आई कार्ड दिया जाए और उसमें समय अवश्य पड़ा होना चाहिए ,किसी भी प्रकार से ऐसे छात्र-छात्राओं को कोचिंग में प्रवेश न दे जो की विवाद की स्थिति निर्मित करते हो हर क्लासेस में छात्र-छात्राओं की बेग की नियमित तलासी की जाएगी समय के पहले या समय के बाद अगर छात्र या छात्रा हाउसिंग कालोनी में पुलिस की चेकिंग के दौरान फालतू घूमते मिलते है ,तो उनके साथ सख्ती से पुलिस पेश आएगी और कार्यबाही भी करेगी ।हाउसिंग कालोनी में एक दर्जन से अधिक टीचर मीटिंग में उपस्थित रहे। अतरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ,महिला सेल डीएसपी पूनम थापा,सीएसपी आनद रॉय ,शहर कोतवाली प्रभारी राजकुमार शर्मा, देहात कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह यादव,पुलिस के जवान महिला पुलिस आरक्षक आदि उपस्थति रहे।

# किसानों को शीघ्र खाद उपलब्ध होगी: राजेन्द्र गुर्जर

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर संज्ञान में लेकर ध्यान आकर्षित कराया)**

**भिण्ड।** ग्वालियर एवं चंबल संभाग में रवि की फसल बोने का समय आ चुका है, विशेषकर सरसों की फसल के लिए लेकिन सहकारी संस्थाओं एवं बाजार में खाद यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता ना होने से किसान परेशान हो रहा है।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को पत्र लिखकर सूचित किया है कि ग्वालियर चंबल संभाग में अधिकांश लोग द्वारा सरसों की फसल उगाई जाती है तथा उसकी बोनी शीघ्र ही करनी है लेकिन सहकारी संस्थाओं एवं बाजार में खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से किसान परेशान हैं 7 गुर्जर ने अभी हाल ही में जिला ग्वालियर में प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा दर्शन सिंह के साथ में दौरा किया उस समय किसानों ने खाद की कमी बताते हुए यह मांग रखी मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा द्वारा आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही किसानों को पर्याप्त खाद की व्यवस्था कर दी जाएगी ।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार किसानों के साथ हमेशा उनके आत्मनिर्भर बनाने की ओर खड़ी है कुछ लोग किसानों की आड़ में भाजपा सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं प्रदेश और देश का किसान यह समस्या कि कौन हमारे साथ है भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गुर्जर ने किसानों से आग्रह किया है कि वह किसी के भड़काने में ना आए केंद्र और राज्य सरकार उनके साथ हमेशा सुख दुख में खड़ी है माहौल बिगाड़ने वाले राजनीतिक दलों से भी उन्होंने सावधान रहने की अपील की शांति सद्भावना के साथ कार्य करें द्य





**उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार को बदनाम करने का षड्यंत्र रच रहे हैं विपक्षी राजनीतिक दल-अजय सिंह भदौरिया:** किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर एवं प्रदेश मंत्री नंदराम सिंह बघेल,जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य उपेंद्र सिंह भदौरिया रंजन ने संयुक्त रूप से कहा उत्तर प्रदेश मैं योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार को झूठा बदनाम करने का षड्यंत्र रचा रहे हैं 2022 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेश सपा बसपा कम्युनिस्ट पार्टियों जैसे राजनीतिक दलों ने योगी सरकार की स्वच्छ छवि को धूमल करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं किसानों को को हर संभव मदद के लिए योगी सरकार ने घोषणा भी की है लेकिन राजनीतिक दलों के कुछ स्वार्थी तत्वों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया उन्होंने उत्तर प्रदेश के किसानों से अपील की है की शांति व सद्भावना को बनाए रखें विरोधी दलों के भड़काने में ना आए क्योंकि कांग्रेस बसपा सपा की जमीन कि शक्ति को ही नजर आ रही है और यह सत्ता के लिए छटपटा रहे हैं योगी सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

## गोहद विद्युत वितरण कंपनी पर विद्युत संकट के खिलाफ घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन शुरू अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के बैनर तले आंदोलन रहेगा जारी

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद!** गुड्डी बाई माहौर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद से प्राप्त जानकारी अनुसार बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के वजह से विद्युत संकट गहराता जा रहा है बिजली कटौती जारी है अनाप-शनाप बिजली के बिल आम उपभोक्ताओं को थमाये जा रहे हैं ट्रांसफार्मर फुके पड़े हैं एक बत्ती कनेक्शन गरीबों को नहीं दिया जा रहा है विद्युत मूल्य वृद्धि बार-बार हो रही है कोरोना कर्फ्यू लॉकडाउन के दौरान गरीबों के धंधे चौपट हो गए थे मजदूरी से आम लोग हाथ धो बैठे थे उसके बावजूद बिजली के बिलों को माफ नहीं किया गया है तथा पूंजी पतियों के करोड़ों बिल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने माफ कर दिए हैं इसलिए विरोध स्वरूप आज मंगलवार को गोहद विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पर सैकड़ों महिलाओं ने अपने झंडे बैनर थाम कर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन शुरू कर दिया है मध्य प्रदेश किसान सभा जनवादी नौजवान सभा सीटू इस आंदोलन में शामिल है इस मौके पर हुई सभा को जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव प्रीति सिंह पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर किसान



सभा जिला सचिव वीरेंद कुशवाह उपाध्यक्ष नारायण शर्मा किसान नेता राजेंद्र सिंह कुशवाह जनवादी महिला समिति की गोहद की सचिव शोभा माहौर पूर्व. नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर ने संबोधित किया सभी वक्ताओं ने बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों की तीखी आलोचना की तथा बिजली के किए जा रहे थे निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की इस दौरान कल तक जारी इस महा पडाव के दौरान उप महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें विद्युत दर मूल्य वृद्धि वापस लेने अनाप-शनाप विद्युत बिल रोकने गरीबों के विद्युत बिल माफ करने विद्युत कटौती पर रोक लगाने नयी जगह पर नये ट्रांसफार्मर रखने फर्जी बिल बंद करने आदि मांगे ज्ञापन में शामिल होकर मांग की जायेगी इस महा पडाव में खाना पकाया गया तथा डेरा आंदोलन पर ही रुकने का काम किया गया है इस अवसर पर किसान सभा कार्यकर्ता हरिशंकर माहौर मुन्ना लाल कुशवाहा मुंशीलाल बघेल बच्चों सिंह राठौर बद्री प्रसाद माहौर मंगू कुशवाहा चंदन प्रजापति योगेन्द्र माहौर जनवादी महिला समिति कार्यकर्ता चमेली बाई प्रजापति मिथलेश कुशवाह कल्पना कुशवाह रेणुका कुशवाह रम का कुशवाह त्रिवेणी कुशवाहा रामवती कुशवाहा पूजा श्रीवास शांताबाई माहौर कैलाशी श्रीवास सरोज श्रीवास पुष्पा श्रीवास रामा प्रजापति प्रेमवती प्रजापति ज्ञाना भाई प्रजापति त्रिवेणी प्रजापति विमला प्रजापति राम जी कुशवाह शीला प्रजापति गंगा धानुक पूसा धानुक रजनी धानुक आदि सहित सैकडों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे ।

## सफाई कर्मचारियों का शोषण बंद करें: संजय वाल्मीकि



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(ईपीएफ कटौत्रा एवं न्यूनतम मजदूरी दर से वेतन का भुगतान किया जाए) एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि**

**कोलारस।** नगर परिषद कोलारस में सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों के निराकरण के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के बैनर तले नगर परिषद कोलारस के सफाई कर्मचारीयों सफाई कामबंद हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने बताया है कि नगर परिषद कोलारस में सफाई कर्मचारीयों को कलेक्टर रेट से वेतन का भुगतान एवं ईपीएफ कटौत्रा करने आदि अन्य समस्यायों के निराकरण के लिए यूनियन एवं सफाई कर्मचारीयों द्वारा सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया। लेकिन निकाय प्रशासन कोलारस के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज दिनांक तक सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण नहीं हो पाया, जिससे सफाई कर्मचारीयों में रोष व्याप्त हो गया तथा सभी सफाई कर्मचारी एवं यूनियन के पदाधिकारी सफाई कामबंद कर हड़ताल चले गए तथा धरना प्रदर्शन किया।




## निस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए ट्रस्ट हुआ एक और राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा**

**मैसूरू-** ह्यूमन सोशल फाउंडेशन राजस्थान के द्वारा हनुमानगढ़ के दुर्गा मंदिर धर्मशाला के सभागार में राष्ट्रीय सेमिनार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे पूरे भारत से रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्थाओं को राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट, मैसूरू को भी विगत तीन वर्षो से रक्त सेवा के लिए राष्ट्रीय सम्मान मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति गणेशराज बंसल द्वारा दिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में ट्रस्ट की तरफ से संगठन मंत्री बगदाराम कुमावत ने शिरकत की और सम्मान स्वीकार किया।

## श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अ भा जिला ग्वालियर में सदस्यता कार्य क्रम किया गया

**संतोष सिंह भदोरिया**
**पुष्पांजली टुडे**
**9179661562**

**कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी के निर्देश पर संभाग सचिव श्री नरेश सिंह भदौरिया जी के निज निवाश पर किया गया।**

**कार्यक्रम की अध्यक्षता आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंह भदोरिया जी ने की ।**

**कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा जिला अध्यक्ष श्री राजेश सिंह जादौन जी महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा राजावत जी, संभाग अध्यक्ष श्री सोभित सिंह चौहान जी, जिला प्रमुख महासचिव श्री सरवन सिंह चौहान जी, प्रदेश संगठन मंत्री श्री विजय सिंह सिकरवार जी की मुख्य भूमिका रही।,**

प्रदेश महासचिव श्री शैलेश सिंह राजावत जी ने संस्था के कार्यों के बारे में बताते हुए कहां कि श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभ आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के नेतृत्व में भारत के 10 राज्यों में सक्रिय कार्य कर रही है और मध्यप्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी के नेतृत्व में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही। चाहे वह समाज का क्षेत्र को शिक्षा का क्षेत्र हो संगठन ने लोगों की आर्थिक सहायता के साथ-साथ संकट में फंसे हुए भाई और बहनों की भी



मदद समय-समय पर की है और आगे भी करता रहेगा, रक्तदान शिविर भोजन वितरण कपड़ा बैंक और शहीद सैनिक के परिवार को चेक वितरण फ्री हेल्थ चेक अप फ्री दवा वितरण जैसे कार्य करने में हमारी संस्था हमेशा अग्रणी रही है। संस्था के द्वारा सैकड़ों युवाओं को फर्जी मुकदमों फर्जी एससी एसटी एक्ट जैसे मुद्दों पर हस्तक्षेप करके बचाया गया है। और क्षत्रिय समाज के साथ-साथ हमारी संस्था ने सर्व समाज के लिए समय-समय पर बढ़ चढ़कर कार्य किए हैं। और इन्हीं कार्यों को देखते हुए आज मध्य प्रदेश के 45 जिलों में संस्था कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री पप्पू सिंह परिहार जी श्री विजय सिंह सिकरवार जी श्री विपिन सिंह सिकरवार जी श्री देव सिंह सिकरवार जी श्री परशुराम सिंह जादौन जी श्री रामवीर सिंह परिहार जी श्री राम राज सिंह भदोरिया जी श्री सरवन सिंह चौहान जी श्री सत्येंद्र सिंह कुशवाहा जी श्री सत्येंद्र सिंह राजावत जी श्री नरेश सिंह सिकरवार जी श्री नरपत सिंह तोमर जी श्री संतोष सिंह भदोरिया जी श्री अरविंद सिंह राजावत जी श्री संदीप सिंह भदोरिया जी श्री परमाल सिंह तोमर जी, प्रदेश महासचिव रेखा परमार जी पुष्पा राजावत जी नीलम जी, श्री महेंद्र सिंह तोमर जी, राघवेंद्र सिंह भदोरिया जी संजय सिंह भदोरिया जी राजकुमार सिंह चौहान जी रामवीर सिंह परिहार जी एवं नरेश सिंह सिकरवार जी सोनू सिंह तोमर जी,समस्त युवा एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री नरेश सिंह भदोरिया जी एवं ग्वालियर जिले के समस्त पदाधिकारियों को मध्य प्रदेश की संपूर्ण कार्यकारिणी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी ने आभार व्यक्त किया।

## किसानों की हत्या के एवज में उनके परिजनों को दो करोड़ की सहायता एवं सरकारी नौकरी दिलाने को लेकर जिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी करने वाले पुलिसकर्मियों को तत्काल किया जाए बर्खास्त- डॉ गोविंद सिंह)**

**(किसानों के हत्यारों को सख्त से सख्त सजा हो-चौ राकेश सिंह)**

**भिण्ड।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 3 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के गृह राज्य मंत्री अजय शर्मा के बेटे के द्वारा की गई किसानों की निर्मम हत्या एवं कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी को लेकर 5 अक्टूबर दोपहर 1-00 बजे जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में भिंड कलेक्टर सतीश कुमार एस को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बता दें कि 3 अक्टूबर को किसानों के द्वारा लागू किए गए कृषि कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। किसानों की आवाज को दबाने के लिए उत्तर प्रदेश के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री अजय शर्मा के बेटे द्वारा उन्हें अपनी गाड़ी से



रौंदकर निर्मम हत्या कर दी गई। जब कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी किसानों के परिवारों का दुख बांटने पहुंची तो उन्हें रास्ते में ही रोक कर उन्हें बेवजह गिरफ्तार कर लिया गया जिसके विरोध में पूरे देश की कांग्रेस पार्टी सड़कों पर आकर भाजपा की तानाशाही सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रही है।उसी के चलते भिंड जिले के कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह के नेतृत्व में पूर्व मंत्री व विधायक डॉ गोविंद सिंह,पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह,गोहद विधायक मेवाराम जाटव,शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा वं सभी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हजारों कार्यकर्ता पुलिस लाइन से कलेक्ट्रेट परिसर तक नारेबाजी करते हुए कलेक्टर सतीश कुमार एस को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उक्त घटना में मृत किसानों के परिजनों को दो करोड़ की सहायता राशि के साथ सरकारी नौकरी दी जाए और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को गिरफ्तार करने वाले पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए और किसानों की हत्या करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाए। अगर ऐसा जल्द से जल्द नहीं किया गया तो आगामी आंदोलन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे पूरी कांग्रेस पार्टी किसानों के समर्थन में सड़कों पर आकर आंदोलन करेगी। और इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।



## नवरात्रि में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु शांति समिति बैठक सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**मौ।** आज दिनांक 5 अक्टूबर को मौ थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें रवीश सिंह भदोरिया जी तहसीलदार ने सभी को समझाते हुए कहा सभी लोग भाई चारे के साथ नवरात्रि का त्यौहार मनाए मौ टीआई शिव सिंह यादव थाना प्रभारी ने कहा डीजे जुलूस के दौरान नहीं चलेगा, ढोल ताशों के साथ विसर्जन करें शांति समिति की मीटिंग में सम्मिलित हुए एसआई अरविंद यादव जी आरक्षक ओमवीर सिंह जहीर खान मनोज शर्मा जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए सज्जन सिंह यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाहा मंडल महामंत्री राजू मिश्रा मंडल मंत्री सुल्तान मौर्य मीडिया प्रभारी रामू कुशवाह दीपक यादव पंचम यादव बीके यादव गोविंद यादव प्रदीप यादव पप्पन यादव शुभम राठौर मुंशी खान ईशतक कुरेशी आदि लोग सम्मिलित हुए।

# अब अरुण यादव ने शुरू की प्रेशर पॉलिटिक्स!



## खंडवा से युवा चेहरे को टिकट देने की वकालत

**भोपाल।** चार सीटों पर उपचुनाव से पहले अरुण यादव प्रेशर पॉलिटिक्स खेलते नजर आ रहे हैं। उप चुनाव की तारीख के ऐलान से पहले ही टिकट के लिए मजबूत दावेदारी, फिर टिकट मिलने से पहले ही खंडवा में सक्रियता और बाद में अचानक चुनाव न लडऩे का ऐलान। यादव अब युवा चेहरे को टिकट देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन वो जानते हैं कि सुरेन्द्र सिंह शेरा चाहें कितनी भी चुनौती दें, पार्टी के पास अभी उनके सिवाय कोई दूसरा चेहरा नहीं है। इसलिए प्रेशर पॉलिटिक्स असर दिखा सकती है। मप्र में चार सीटों पर उपचुनाव है। उससे पहले वो प्रेशर पॉलिटिक्स करते नजर आ रहे हैं। वे खंडवा से युवा चेहरे को टिकट देने की बात कह जरूर रहे हैं, लेकिन उन्हें ये अच्छी तरह मालूम है कि पार्टी के पास कोई दूसरा चेहरा नहीं है, जो खंडवा लोकसभा उपचुनाव में भाजपा को टक्कर दे सके। यही वजह है कि वो पार्टी को अपना महत्व बताने से नहीं चूक रहे हैं, ताकि उन्हें पार्टी में ज्यादा से ज्यादा तवज्जो मिल सके। हालांकि वो प्रचार में भी लगे हुए हैं ऐसे में ये कह पाना मुश्किल है कि वो चुनाव दूर रहेंगे।

### शेरा का चैलेंज

खंडवा लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर कांग्रेस में घमासान जारी है। निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा बहुत पहले से अपनी पत्नी के लिए टिकट मांगकर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा चुके हैं। अब अरूण यादव ने नया गेम खेल दिया है। वो प्रेशर पॉलिटिक्स कर कांग्रेस की परेशानी बढ़ा रहे हैं। वो खण्डवा से युवा चेहरे को टिकट देने की वकालत कर रहे हैं, जबकि उन्हें मालूम है कि पार्टी उन्हें ही चुनाव लड़ाना चाहती है।

### शेरा ने बढ़ायी पीड़ा

सोशल मीडिया पर अरुण यादव चुनाव न लडऩे का ऐलान कर रहे हैं। दूसरी तरफ मीडिया के सामने अपनी पीड़ा भी जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना है वे छह महीनों से उपचुनाव के लिए काम कर रहे थे। लेकिन शेरा के टिकट मांगने से वे मैदान छोडऩे की तैयारी में हैं। हालांकि वो शेरा का नाम नहीं ले रहे हैं। उनका कहना है खंडवा सीट पर जीत दिलाना मेरी जिम्मेदारी हैं, क्योंकि इस उपचुनाव से ही मिशन 2023 का आगाज होगा। मैं खंडवा से चार बार चुनाव लड़ चुका हूं। कांग्रेस ने मुझे बहुत कुछ दिया है, इसके लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह समेत सभी कांग्रेसियों का आभार है। खंडवा से जो भी पार्टी का उम्मीदवार होगा, हम सब पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करेंगे। हमारी कोशिश होगी कि हम पूर्ण बहुमत के साथ चारों उपचुनाव जीतें ताकि हम मिशन 2023 की तैयारी कर सकें।

### अगली भूमिका क्या

जब अरुण यादव से पूछा गया कि इस चुनाव में आपकी क्या भूमिका होगी। इस पर उन्होंने कहा मैं बागली जा रहा हूं। वो मेरा पुराना इलाका है। राजकुमार पटेल हमारे प्रभारी हैं। हम सब साथ हैं। अभी मंडलम, सेक्टर और बूथ प्रभारियों की मीटिंग है, जो पिछले चार दिन से चल रही हैं। चार दिन में पूरे लोकसभा क्षेत्र का दौरा हो चुका है। केवल भीकनगांव बचा है। अगले दो-तीन दिन में वो भी कर लेंगे। चुनाव को लेकर संगठन का काम पूर्ण रूप और जोर शोर से जारी है। मैं पार्टी का जिम्मेदार आदमी हूं। मेरी जिम्मेदारी है कि खंडवा लोकसभा क्षेत्र में हम कांग्रेस को विजयी बनाएं।

### दो पाटन के बीच अरुण

कांग्रेस में चल रही उठापटक से बीजेपी को मौका मिल गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उमेश शर्मा का कहना है इसके पीछे वास्तविक कारण ये है कि अरुण यादव को मालूम है कि वो इस बार चुनाव नहीं जीत पाएंगे। जिस तरह कांग्रेस के दुर्दिन चल रहे हैं और दुर्दशा है ऐसे में यदि कमलनाथ का उम्मीदवार होगा तो दिग्विजय सिंह नहीं जीतने देंगे और दिग्विजय बाबू का उम्मीदवार होगा तो कमल बाबू नहीं जीतने देंगे।

## युवती ने की अश्लील वीडियो कॉल, फिर किया ब्लैकमेल

**भोपाल।** राजधानी के बागसेवनिया इलाके मे अज्ञात युवती द्वारा युवक को अश्लील वीडियो कॉल करने के बाद उसे ब्लैकमेल कर हजारो की रकम ऐठंने का मामला सामने आया है। थाना पुलिस ने बताया कि पदनाम नगर में रहने वाले 35 वर्षीय मयूबा बाटव ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वो कांट्रेक्टर हैं। कुछ समय पहले उनके पास एक युवती ने फेसबुक पर रिक्वेस्ट भेजी और फोन पर बातचीत करने की बात कही। उसकी बातों में फसंकर युवक ने अपना मोबाइल नंबर से उसे व्हाट्एसप कॉलिंग की। बातचीत के दौरान युवती ने उसको न्यूड होकर कॉल किया और कुछ देर बाद फोन काट दिया। इसके बाद युवती ने फरियादी को फोन कर अशलील वीडियो वॉयरल करने की धमकी देते हुए रकम की मांग की।

## वन-टू-वन

### हितग्राहियों के घर पहुँचकर एसीएस श्री कंसोटिया ने ली कड़कनाथ पालन की जानकारी



**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव पशुपालन एवं डेयरी जे.एन. कंसोटिया ने मेघनगर के विभिन्न गाँवों में हितग्राहियों के घर पहुँचकर कड़कनाथ चूजा़ प्रदाय योजना की प्रत्यक्ष जानकारी ली। श्री कंसोटिया को ग्राम गुडा में हितग्राही सुनीता ने बताया कि उन्हें 50 चूजे़ मिले हैं, जिनमें से 7 की मृत्यु हो गयी है, लेकिन बाकी सभी स्वस्थ हैं और लगभग 2 माह के हो गये हैं। सुनीता ने कहा कि कड़कनाथ की देशी मुर्गे की तुलना में अधिक माँग और कीमत होने से हमें अच्छी आय हो रही है। निःशुल्क चूज़ों के पालन के बाद अधिक लाभ को देखते हुए मैंने कृषि विज्ञान केन्द्र में स्वयं के व्यय पर कड़कनाथ चूजा़ खरीदने के लिये भी राशि जमा कराई है। श्री कंसोटिया ने सुनीता के घर पर एनएडीसीपी राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक भैंस और 4 गौ-वंश के कानों में यूनीक आई-टेग लगाने की प्रशंसा की। श्री कंसोटिया ने कहा कि सभी गाँव वालों को जागरूक करें कि वे मवेशियों में आई-टेग जरूर लगवाएँ। अन्य हितग्राही लालू वीरसिंह के कुक्कुट शेड का भी श्री कंसोटिया ने निरीक्षण किया। वीरसिंह ने बताया कि उन्हें योजना में 50 कड़कनाथ चूजे़, 30 किलो कुक्कुट आहार और दाना-पानी के बर्तन निःशुल्क प्राप्त हुए हैं। इनमें से 44 चूजे़ स्वस्थ हैं और अच्छी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि फायदे का धन्धा होने के कारण वह और उनका परिवार कड़कनाथ पालन में वृद्धि करने की योजना बना रहे हैं।

### चुभ रही क्वार की तीखी धूप, उसम भरी गर्मी कर रही बेचैन

**भोपाल।** मानसून के पीछे हटते ही अब क्वार माह की धूप ने कहर ढाना शुरू कर दिया है। सुबह से निकल रही चिलचिलाती धूप जहां दोपहर बाद लोगों को चुभने लगी है वहीं वातावरण में छाई नमी से उमस भरी गर्मी लोगों को बेचैन कर रही है। बिना पंखे, कूलर, एसी के लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। मंगलवार को भी सुबह से सूर्यदेव के तेवर तल्ख दिख। जैसे-जैसे दिन चढ़ा सूरज की तपन बढ़ती गई। फिलहाल चुभती धूप और उमस भरी गर्मी से जहां लोग बेहाल हैं वहीं सबसे ज्यादा परेशानी उन मेहनतकशों को हो रही है जो पेट की खातिर पसीना बहा रहे थे। क्वार की गर्मी झेल रहे लोग अब बेसब्री से शरद ऋतु के आगमन का इंतजार कर रहे हैं। वैसे क्वार माह की धूप इतनी चटक होती है कि लोग सहन नहीं कर पाते। एक पुरानी कहावत भी है कि क्वार की धूप में मृग यानी हिरण तक काला पड़ जाता हैं। इन दिनों सूरज के मिजाज देखकर ये कहावत चरितार्थ भी हो रही है। धूप से राहत पाने के लिए लोग चश्मा, गमछे का सहारा ले रहे हैं। दोपहर में तेज धूप और गर्मी, सुबह- शाम मौसम नम होने से लोगों के सेहत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। लोगों के गले में खराश, सर्दी - जुकाम के लक्षण सामने आ रहे हैं।

### कनाडा और अमेरिका के बीच बॉर्डर क्रॉसिंग के पास विस्फोटक पदार्थ मिलने की सूचना, जांच शुरू

**ओंटारियो।** कनाडा और अमेरिका के बीच बॉर्डर क्रॉसिंग पर एक पुल पर संदिग्ध पदार्थ मिलने के बाद हंगामा मच गया। दोनों देशों के बीच ऐंबैसेडर ब्रिज बॉर्डर क्रॉसिंग पर मिली सामग्री को लेकर आशंका जताई गई है कि यह विस्फोटक पदार्थ हो सकता है। इंस्पेक्शन के दौरान एक गाड़ी के अंदर प्रशासन को संदिग्ध सामान मिला है। इसके बाद दोनों ओर से सीमा को बंद कर दिया गया लेकिन बाद में विनडॉट स्ट्रीट को छोड़कर बाकी सभी रास्ते खोल दिए गए। मामले की जांच अभी की जा रही है। विंडसर पुलिस का कहना है कि कनाडा बॉर्डर सर्विसेज ने उन्हें जानकारी दी कि वीइकल इंस्पेक्शन एरिया में विस्फोटक हो सकता है। पुलिस ने बताया कि अभी जांच की जा रही है लेकिन इसे लेकर कोई सीधी धमकी नहीं दी गई है। इस ब्रिज के आसपास के इलाके को खाली करा लिया गया है जो विंडसर, ओंटारियो और डेट्रॉइट को जोड़ता है। पुलिस का कहना है कि ट्रैफिक को विंडसर-डेट्रॉइट टनल और ब्लू वॉटर ब्रिज की ओर रीरूट कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि बम निरोधक दस्ता मौके पर है। यह ब्रिज दोनों देशों के बीच व्यापार के लिहाज से बेहद अहम है।

### संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान का कश्मीर राग, भारत ने दिया लताड़

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे को फिर से उठाने के लिए पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार कर भारत ने कहा कि पाकिस्तान से रचनात्मक योगदान की उम्मीद नहीं कर सकते , जिसके पास आतंकवादियों की मेजबानी करने की एक स्थापित प्रथा है, जो वैश्विक आतंकवाद का ''केन्द्र'' है और दुनिया को अस्थिर करने वाली सबसे बड़ी ताकत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सलाहकार, ए. अमरनाथ ने कहा कि भारत को ऐसे देश से सलाह की जरूरत नहीं है, जिसका परमाणु सामग्री एवं प्रौद्योगिकी के अवैध निर्यात का एक सिद्ध इतिहास रहा है। अमरनाथ ने कहा, '' पाकिस्तान की बहुपक्षीय मंचों की शुचिता का हनन करने और झूठ को हवा देने की कोशिशों की हमें मिलकर निंदा करनी चाहिए। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कई निरर्थक एवं निराधार आरोप लगाए हैं, जिसमें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेशों के संबंध में की गई टिप्पणियां भी शामिल हैं। ये प्रतिक्रिया के योग्य नहीं हैं, क्योंकि ये भारत के आंतरिक मामलों से संबंधित हैं।'' संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम द्वारा निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों से संबंधित महासभा की समिति की बैठक के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को उठाने के बाद भारत ने अपने उत्तर के अधिकार का प्रयोग किया।

# बैखौफ लुटेरो ने सिर में लोहे की रॉड मारकर वृद्ध व्यापारी से लूटी पौने तीन लाख की रकम

### फरियादी के सिर में आये सात टांके, चलती गाड़ी पर पीछे से हमला कर दिया गया वारदात को अंजाम

**भोपाल।** राजधानी में बेखौफ लुटेरों ने बीती रात करीब साढे दस बजे ईदगाह हिल्स स्थित रिज रोड पर वृद्ध होजरी कारोबारी को चलती एक्टिवा पर सिर में लोहे की छड़ मारकर गिराया ओर फिर उसकी एक्टिवा लेकर फरार हो गए। फरियादी की गाड़ी में पौने तीन लाख रुपए की रकम, टिफिन और कागजात रखे थे। घायल कारोबारी को इलाज के लिए चिरायु अस्पताल मालीपुरा में भर्ती कराया गया जहां उन्हें आईसीयू में रखा गया है। उनके सिर में सात टांके आए हैं। वही चलती गाडी मे हुए हमले से सडक पर गिरने के कारण उनके हाथ पांव में चोटे आई हैं। हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। वहीं फरार बदमाशो के सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिल गए हैं। जिनके आधार पर फुलिस उनकी सरगर्मी से सुरागशी मे लगी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जायेगा। थाना पुलिस के अनुसार किशोर वाधवानी (60) मकान नंबर-21 रिज रोड पर रहते हैं। उनकी मारवाड़ी में होजरी की दुकान है, वो होजरी गारमेंट्स के थोक कारोबारी है। किशोर वाधवानी ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात दुकान बंद करने के बाद वह काउंटर में रखी 2 लाख 76 हजार की नकदी एक्टिवा में रखकर अपने घर की जा रहे थे। वह रिज रोड पर घर से करीब 25 मीटर पहले तक पहुंच गए थे। इसी बीच पीछे से एक अन्य एक्टिवा पर आए दो लुटेरों ने उनके सिर चलती गाड़ी पर लोहे की छड़ मार दी। बदमाशो के हमले से व्यापारी सडक पर वाहन सहित गिर गये उनके गिरते ही एक आरोपी उनकी एक्टिवा लेकर फरार हो गया। लोगों ने व्यापारी को सड़क पर गिरा देख उनके पास पहुचे ओर उनके परिवार वालो से फोन पर बात कराई। इसके बाद उन्हें चिरायु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। उन्हें सिर में 7 टांके आए हैं, जबकि गिरने के कारण हाथ पैर बुरी छिल गए हैं। इस कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर शाहजहांनाबाद पुलिस टीम पहुंची। पुलिस पुलिस ने तुरंत ही घटनास्थल की पडताल करते घेराबंदी की, कार्यवाही के दौरान पुलिस को एक किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में किशोर वाधवानी का वाहन खड़ा मिल गया। हालांकि लुटेरे उसमें रखी नकदी को निकालकर ले गए। बदमाशो के फुटेज सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गये है, इन फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। वही डीआईजी इरशाद वली के अनुसार एडीजी ए सांई मनोहर ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर तीस हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। वहीं व्यापारी की ओर से इस मामले में बीस हजार का ईनाम घोषित किया है। सुत्रो का कहना है कि पुलस के हाथ आरोपियों के सुराग लगे हैं, जिसके आधार पर उनकी धरपकड के प्रयास किए जा रहे हैं।

# दिग्विजय का टवीट, कांग्रेस मय होती जा रही भाजपा, अब टिकाऊ नहीं बिकाऊ नेता की जरुरत



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 1 लोकसभा और 3 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। उपचुनाव से पहले जोबट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बड़ा झटका लगा है।यहां सुलोचना रावत के बीजेपी में शामिल होने पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ दी।इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर बीजेपी पर निशाना साधा है। दरअसल दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा अब कांग्रेस मय होती जा रही है। मुझे पुराने भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं पर दया आती है। अब भाजपा पूरी तरह से टिकाऊ लोगों को छोड़ कर पूरे तरीके से बिकाऊ लोगों पर निर्भर हो चुकी है।बता दें कि कांग्रेस की जोबट सीट से टिकट की दावेदार मानी जा रही सुलोचना रावत और उनके बेटे विशाल ने बीजेपी का हाथ थाम लिया।ऐसा बताया जा रहा है, कि सुलोचना को बीजेपी जोबट सीट से अपना उम्मीदवार बना सकती है।इसके बाद सैंकड़ों बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दे दिया।

**गृह मंत्री का पलटवार, गुरु और चेला झाड़ू लगा रहे, कांग्रेस शून्य पर आ गई:** वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय के ट्वीट को लेकर बीजेपी आक्रोश में आ गई है। ट्वीट पर प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पलटवार किया है।नरोत्तम ने कहा कि दिग्विजय और उनके चेले राहुल बाबा की तुष्टिकरण की नीति है। उन्होंने दिग्विजय के बयान को टुकड़े-टुकड़े गैंग की भर्ती करने का परिणाम बताया है। गृह मंत्री मिश्रा ने कहा कि देश राष्ट्रवाद का पक्षधर है। कांग्रेस महान भारत को बदनाम भारत करने की कोशिश में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि गुरु और चेला झाड़ू लगा रहे हैं, कांग्रेस शून्य पर आ गई है। दरअसल दिग्विजय ने ट्वीट करते हुए कहा है कि भाजपा अब कांग्रेस मय होती जा रही है। मुझे पुराने भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं पर दया आती है।

# यूएन में भारत बोला- इमरान खान ओसामा को शहीद बताते हैं और उनके प्रतिनिधि शांति की बात करते हैं

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत ने राइट-टू-रिप्लाई के तहत फर्स्ट कमेटी जनरल डिबेट में एक बार फिर पाकिस्तान की बखिया उधेड़ते हुए को करारा जवाब दिया और उसके झूठ की पोल खोल दी। भारत ने कहा कि पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि तो यहां शांति, सुरक्षा की बात करते हैं, जबकि उनके प्रधानमंत्री ओसामा बिन लादेन जैसे वैश्विक आतंकवादियों को शहीदों के रूप में महिमामंडित करते हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में बिना नाम लिए पाकिस्तान को लताड़ लगई थी। यूएन में भारत ने राइट-टू-रिप्लाई के तहत फर्स्ट कमेटी जनरल डिबेट में कहा- पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि तो यहां शांति, सुरक्षा की बात करते हैं, जबकि उनके



प्रधानमंत्री ओसामा बिन लादेन जैसे वैश्विक आतंकवादियों को शहीदों के रूप में महिमामंडित करते हैं। भारत ने कहा- वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों की परवाह किए बिना बार-बार अपने पड़ोसियों के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद में शामिल रहा है। मंचों पर झूठ फैलाने की पाकिस्तान की कोशिशें सामूहिक अवमानना की पात्र हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र में बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि 'प्रतिगामी सोच' वाले जो देश आतंकवाद का 'राजनीतिक औजार' के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें जरूर समझना चाहिए कि उनके लिए भी यह 'समान रूप से एक बड़ा खतरा' है। उन्होंने कहा, आज, विश्व प्रतिगामी सोच के बढ़ते खतरे और चरमपंथ का सामना कर रहा है। ऐसी स्थिति में पूरे विश्व को विकास के लिए विज्ञान आधारित, तार्किक और प्रगतिशील सोच को आधार बनाना चाहिए।

# चीन ने ताइवान के एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में एक साथ भेजे 52 लड़ाकू विमान

### ताइवान ने भी किया जंग की तैयारी का ऐलान



**ताइप।** ड्रैगन पूरी तरह से ताइवान को परेशान करने को लेकर मर्यादा की सीमा लांघ रहा है। चीनी सेना ने अब सीनाजोरी की सारी हदें पार करते हुए ताइवान के एयर डिफेंस आइडेंटिफकिशन जोन में सोमवार को एक साथ 52 फाइटर जेट भेजे। यही नहीं उसके बाद फिर चार फाइटर जेट भेजे। पिछले 4 दिनों में चीन ने अब तक 149 फाइटर जेट ताइवान के एयर डिफेंस आइडेंटिफकिशन जोन में भेजे हैं। चीन की इस सीनाजोरी के जवाब में अब ताइवान ने जंग की तैयारी का ऐलान किया है। चीन और ताइवान के बीच जारी इस तनाव से दक्षिण चीन सागर में युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं। इससे पहले चीन ने एयर डिफेंस आइडेंटिफकिशन जोन में अब तक की सबसे बड़ी घुसपैठ करते हुए सोमवार को एक साथ 52 फाइटर जेट भेजे जिससे इलाके में तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने चेतावनी दी है कि उनका देश अब चीन के साथ जंग की तैयारी कर रहा है और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से इसमें मदद मांगी है। ताइवान ने ऑस्ट्रेलिया से अपील की कि वह खुफिया जानकारी साझा करना तेज करे और सुरक्षा सहयोग करे।

ताइवानी विदेश मंत्री ने एक प्रोग्राम में घोषणा की कि अगर चीन वास?तव में हमला करता है तो ताइवान उसका करारा जवाब देने के लिए खुद को तैयार करेगा। जोसेफ वू ने कहा, ताइवान की सुरक्षा खुद हमारे हाथों में है और हम इसको लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। अगर चीन ताइवान के खिलाफ जंग शुरू करने जा रहा है तो हम अंतिम दम तक लड़ेंगे और यह हमारी प्रतिबद्धता है। जोसेफ वू ने कहा कि चीन ने अगर ताइवान पर हमला किया तो उसे भी बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे पहले ताइवान का 4 दिन से निरंतर सैन्य उत्पीड़न कर रहे चीन ने इस स्वायत्त क्षेत्र के समक्ष अपनी ताकत का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन करते हुए सोमवार को ताइपे की ओर 52 लड़ाकू विमान उड़ाए। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उड़ान भरने वाले लड़ाकू विमानों में 34 जे-16 लड़ाकू विमान और 12 एच-6 परमाणु बमवर्षक विमान थे। ताइवान की वायुसेना ने चीन के लड़ाकू विमानों को वापस लौटने पर मजबूर किया और अपनी वायु रक्षा प्रणाली पर चीनी युद्धक विमानों की गतिविधियों पर नजर रखी। इसके बाद चीन ने 4 और विमान भेजे। चीन ने शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय दिवस के मौके पर 38 और शनिवार को 39 लड़ाकू विमानों को ताइवान की ओर भेजा था। रविवार को उसने 16 अतिरिक्त विमानों को उसकी ओर भेजा था। ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में इतने विमानों की आवाजाही के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने वक्तव्य जारी करके कहा था, हम बीजिंग से अनुरोध करते हैं कि वह ताइवान के खिलाफ सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव एवं बल पूर्वक कार्रवाई बंद करे।

# सत्तारूढ़ तालिबान ने शिया हजारा समुदाय के 13 लोगों को मौत के घाट उतारा: रिपोर्ट

**काबुल।** अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ होने के बाद तालिबानी आतंकियों ने अपना अल्पसंख्यक समुदाय के साथ खूनी खेल शुरू कर दिया है। देश के मध्यवर्ती दायकुंडी प्रांत में हजारा समुदाय के 13 सदस्यों की हत्या कर दी। मरने वालों में एक 17 साल की लड़की शामिल थी। अंतरराष्ट्रीय संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 अगस्त को करीब 300 तालिबानी आए और उन्होंने खिद्र जिले में अफगान नेशनल सिक्योरिटी फोर्स के 11 जवानों की हत्या कर दी। मंगलवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि इन लोगों में से 9 को पहले एक नदी की घाटी में ले जाया गया, फिर वहां पर आत्मसमर्पण करने के बाद भी उनकी हत्या कर दी गई। मारी गई किशोरी की पहचान मासूमा के रूप में हुई है। यह लड़की उस समय मारी गई जब तालिबानियों ने वहां से भाग रहे अफगान सेना के जवानों को दौड़ाया और इस दौरान हुई गोलीबारी में वह मारी गई।

एमनेस्टी ने कहा कि मारे गए अफगान सेना के जवानों की उम्र 26 से 46 साल के बीच है। इस गोलीबारी में एक अन्य आम नागरिक फयाज की भी मौत हो गई। मारे गए सभी लोग अल्पसंख्यक हजारा समुदाय के थे। यह वही समुदाय है जिसके खिलाफ तालिबानी अपने पहले शासनकाल में भी खूनी अभियान चला चुके हैं। इससे पहले जुलाई महीने में तालिबान ने गजनी प्रांत में हजारा समुदाय के कम से कम 9 लोगों की हत्या कर दी थी।

तालिबान राज में अफगानिस्तान के वे लोग जिनके लिए बहुत कुछ खोने का खतरा सबसे अधिक है, वे इस्लाम की एक अलग व्याख्या वाले समूह हैं। विशेष रूप से शिया हजारा समुदाय, जो देश का तीसरा सबसे बड़ा जातीय समूह है जिसने एक सदी से अधिक समय से भेदभाव का सामना किया है। दक्षिण एशिया में हजारा समुदाय की जड़ें सदियों पुरानी हैं। ऐसा माना जाता था कि उनके पूर्वज मंगोल सैनिक थे और हाल में जेनेटिक विश्लेषण में इस बात की पुष्टि हुई कि मंगोल वंश उनका आंशिक तौर पर पूर्वज था।

आज अफगानिस्तान की आबादी में दस से बीस फीसदी संख्या हजारा समुदाय की है और उनका परंपरागत स्थान केंद्रीय क्षेत्र हजाराजात कहलाता है। 3.8 करोड़ की आबादी वाले देश में यह अल्पसंख्यक समुदाय महत्व रखता है। इस समुदाय के लोग पाकिस्तान, अमेरिका और ब्रिटेन में भी हैं। हजारा समुदाय के ज्यादातर लोग मुस्लिम होते हैं और उनमें से भी अधिकतर अल्पसंख्यक शिया परंपरा को मानने वाले हैं। दुनियाभर में ज्यादातर मुस्लिम सुन्नी परंपरा का पालन करते हैं। अफगानिस्तान में भी बहुसंख्यक सुन्नी मुस्लिमों और शिया लोगों के बीच निरंतर संघर्ष होता रहता है और अफगानिस्तान में हजारा समुदाय को तालिबान और पाकिस्तान में उससे संबंधित समूह लगातार अपने बर्बर हमलों का निशाना बनाते रहे हैं।

# मस्जिद में विस्फोट के बाद तालिबान ने आईएस के ठिकानों पर हमला बोल कई आतंकियों को मार गिराया

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक मस्जिद के बाहर खतरनाक विस्फोट के बाद तालिबान ने आईएसआईएसके के ठिकाने पर हमला बोला है। मस्जिद के बाहर तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद की मां की मौत के बाद शोक जताने मस्जिद में जमा हुए लोगों को निशाना बनाकर धमाका किया गया था। धमाके के करीब 10 घंटे बाद ही तालिबान ने इस हमले का दावा कर कई आतंकियों को ढेर करने की बात कही। शुरुआती खबरों से संकेत मिला है कि विस्फोट सड़क के किनारे किया गया। तालिबान के आधिकारिक प्रवक्ता बिलाल करीमी ने कहा कि तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि तालिबान ने उत्तरी काबुल में खैर खाना के पड़ोस में इस्लामिक स्टेट के एक संचालन केंद्र पर कार्रवाई की। हालांकि, अब तक यह नहीं बताया गया कि इस सैन्य ऑपरेशन में कितने आईएस आतंकी मारे गए और तालिबान घायल हुए या नहीं। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से रविवार का हमला सबसे खतरनाक था। इससे पहले 26 अगस्त को भयावह हमले की जिम्मेदारी आईएस गुट ने ली थी, जिसमें काबुल हवाईअड्डे के बाहर 169 से अधिक अफगान नागरिक और 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। इस बीच अफगानिस्तान का काबुल हवाई अड्डे एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए तैयार हो गया है। अफगानिस्तान के नागरिक उड्डयन निकाय ने कहा है कि वैश्विक उड़ानों को लेकर सभी तकनीकी मुद्दों का समाधान कर लिया गया है। खबरों के अनुसार, प्राधिकरण ने कहा कि काबुल एयरपोर्ट पर सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो गई है।

# गारबेज शुल्क से जुड़ी विसंगतियों को इस माह दूर कर देंगे: निगमायुक्त किशोर कान्याल

**ग्वालियर।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स की मांग पर संपत्ति कर एवं गारबेज शुल्क को पृथक करने के उपरांत 6त्न छूट के साथ सम्पत्ति कर शिविर एवं जलकर का आयोजन आज 'चेम्बर भवनक्क में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। शिविर में निगमायुक्त- किशोर कान्याल, उपायुक्त- एपीएस भदौरिया, एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष- प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल उपस्थित थे।





शिविर के प्रारंभ में एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल ने सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि सम्पत्ति कर के साथ गारबेज शुल्क के जुड़े होने की लड़ाई विगत काफी समय से लड़ी जा रही थी। नवपदस्थ निगमायुक्त-श्री किशोर कान्याल जी द्वारा हमारी मांग पर इन दोनों को पृथक कराया है और 6 प्रतिशत छूट के साथ सम्पत्ति कर जमा करने की तिथि को भी बढाया गया। इसके लिए उनका हार्दिक अभिनंदन व आभार व्यक्त करते हैं। आपने शिविर में पधारे शहरवासियों से आग्रह किया कि वे स्वयं तो अपना सम्पत्ति कर जमा कर रहे हैं, साथ ही इसके लिए उन्हें अपने आसपास के कम से कम पांच लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि निगम के खजाने में अधिक से अधिक सम्पत्ति कर जमा हो सके। इस अवसर पर मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि निगम के खजाने में राजस्व ज्यादा से ज्यादा जमा हो इसके लिए जरूरी है कि नामांतरण की जटिल प्रक्रिया को सरल बनाया जाये, निगम सीमा में स्थापित औद्योगिक इकाईयों से परिक्षेत्र क्रमांक-3 के अनुसार ही कर की वसूली की जाये तथा संपत्ति कर से जुड़े विवादित प्रकरणों का निराकरण हेतु शिविर लगाया जाये। इसके साथ ही, बिजली कंपनी की तर्ज पर जलकर वसूली हेतु सुविधा योजना लाई जाये, ताकि ऐसे उपभोक्ता जिन पर जलकर की बाकाया राशि काफी अधिक हो चुकी है, उनसे 50 प्रतिशत राशि लेकर बकाया क्लियर किया जाये ताकि वह आगे से निरंतर अपना जलकर चुका सकें।

इस अवसर पर चेम्बर भवन के सम्पत्ति कर के रूप में रूपये 2,89,413/- का चैक पदाधिकारियों द्वारा निगमायुक्त को सौंपा गया। चेम्बर ऑफ कॉमर्स में आयोजित शिविर में कुल 1 करोड़ 32 लाख 23 हजार 819 का राजस्व निगम के खजाने में जमा हुआ। रविवार 10 अक्टूबर को 'चेम्बर भवनक्क में पुनः शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## नैनो न्यूज

### रोजगार सहायक को रिश्वत लेते पकडा



**ग्वालियर।** आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने अभी देर सायं शिवपुरी जिले की ग्राम पंचायत कोंडर नरवर के रोजगार सहायक राजकुमार कोली को आठ हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये दबोचा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कोंडर तहसील नरवर जिला शिवपुरी निवासी राजकुमार परिहार उम्र 19 वर्ष ने शिकायत की कि उसके भाई प्रताप सिंह परिहार एवं उसकी भाभी के मृत्यु प्रमाणपत्र ग्राम पंचायत रोजगार सहायक राजकुमार कोली बनाकर नहीं दे रहा है। जिससे वह वर्षो से क्लेम के लिये भटक रहा है। इस शिकायत पर ईओडब्ल्यू एसपी अमित सिंह ने कल ही रिश्वत मांगे जाने की रिकार्डिंग कराई और आज आठ हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रोजगार सहायक राजकुमार कोली को गिरफ्तार किया। राजकुमार कोली ने 12500 रूपये की मांग की थी। एसपी ईओडब्ल्यू अमित सिंह ने बताया कि आवेदक का भाई प्रताप परिहार की 2007 में एक दुर्घटना में मौत होने से उसका क्लेम मिलना था वहीं प्रताप परिहार की पत्नी की भी 2019 में मौत हो चुकी है। जिनके डेथ सर्टिफिकेट के लिये आरोपी 2 साल से परेशान कर रहा था।

### हजीरा से चार शहर का नाका तक किया गया नाला मरम्मत कार्य

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर में साफ सफाई, नाला सफाई व मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जिसमें आज हजीरा से चार शहर का नाका तक बने नाले के उपर से पटिया हटाकर साफ किया गया। नाला मरम्मत एवं सफाई कार्य का निगम के अधिकारियों एवं सीसीओ श्री सुशील कटारे द्वारा निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक निर्देश कर्मचारियों को दिए गए।

### लॉयस इंटरनेशनल क्लब ने मनाया सेवा सप्ताह

**ग्वालियर।** लायंस इंटरनेशनल सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब ग्वालियर द्वारा क्लीनेस ड्राइव कार्यक्रम जरुआ डैम के नगर निगम पार्क में 50 परिवारों को सफाई सामग्री एवं 50 परिवारों को अन्नदान देकर सेवा का कार्य किया गया एवं लायंस क्लब अमृत की ओर से डेंटल किट एवं अन्य सामान लायंस क्लब प्रियदर्शनी की ओर से 5 पानी की टंकियां शहर के विभिन्न मंदिरों पर स्थापित की गई। लायंस क्लब मिटाउन की ओर से फिनायल की बोतल सफाई कर्मियों को दी गई । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं विशिष्ट अतिथि प्रांत पाल सुनील गोयल, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल, डिस्टिक सेक्रेट्री राका पाठक, प्रशांत जैन, आरसी ,संदीप अग्रवाल, जेडसी रुचिता गोयल, सेवा सप्ताह के कोऑर्डिनेटर दीपक पमनानी, राजेश बनवारी एवं अन्य क्लब से पधारे हुए अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के द्वारा सेवा का कार्य किया गया हमारे क्लब से जगदीश मित्तल अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल दीपेंद्र दुबे अंकित माहेश्वरी एसके जैन साहब कपिल जैन आदि लॉयन बंधु उपस्थित रहे।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने ली स्वच्छता की शपथ

**ग्वालियर।** कृषि महाविद्यालय ग्वालियर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांधी जयंती महोत्सव अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में षि महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता ड एन एस भदौरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी ड शोभना गुप्ता ने गांधीजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधीजी एक असाधारण व्यक्ति थे और अपनी संकल्प शक्ति से उन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए विवश कर दिया था।

# गुरू गोबिंद साहिब की प्रेरणा समाज के हर वर्ग के लिए प्रासंगिक: श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

**केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया किला स्थित गुरुद्वारे पहुंचे, गुरुद्वारे पर दाताबंदी छोड़ के 400वें साल पर हो रहा है प्रकाश पर्व का आयोजन**

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि गुरू गोबिंद साहिब जी की प्रेरणा समाज के हर वर्ग के लिए प्रासंगिक है। गुरू हरगोबिंद साहिब ने चार सदी पहले समाज को एक सूत्र में पिरोने की जो राह दिखाई थी वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि सिख समाज का सेवा भाव हर वर्ग को सभी से प्रेम करने की सीख देता है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया ने यह बात मंगलवार को किला स्थित गुरुद्वारे पर कही। ग्वालियर के ऐतिहासिक दुर्ग स्थित गुरुद्वारे पर दाता बंदी छोड़ का चार सौ वां साल धूमधाम एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार सुबह अचानक किला स्थित गुरुद्वारे पहुंचे। इस दौरान श्री सिंधिया ने गुरु हरगोबिंद साहिब को याद करते हुए गुरुद्वारे में मत्था



टेका। इस अवसर पर श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर का यह इतिहास केवल सिख समाज का नहीं पूरे देश का इतिहास है। कुछ आदर्श व मूल्य स्थापित किए गए थे कि किस तरीके से केवल एक समाज ही नहीं, पूरे देश की सेवा की जाती है। गुरू हरगोबिंद साहिब ने ऐसे आदर्श और मूल्य की स्थापित किए हैं जो हम सबको आज भी प्रेरणा देते हैं। यहाँ आने पर हम सबको प्रेरणा मिलती है कि हम समर्पण भाव से जनता की सेवा करें।

**तीन दिवसीय महोत्सव का हो रहा है आयोजन:** ग्वालियर में ऐतिहासिक किला स्थित गुरुद्वारे में प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है और यहां धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। यह दाता बंदी छोड़ का 400वां साल है। इसलिए इसे समाज के हर वर्ग द्वारा धूमधाम से मनाने का निर्णय किया गया है। ज्ञात हो मुगल सम्राट जहांगीर को विवश होकर गुरु हरगोबिंद साहिब को ग्वालियर किले के कारावास के मुक्त करने का आदेश देना पड़ा था। गुरू गोबिंद साहिब ने अपने साथ 52 निर्दोष राजा रिहा कराए थे। इस घटना के 400 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस मंगल और प्रेरणादायी स्मृति के उपलक्ष्य में 4 से 6 अक्टूबर तक महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इसमें शामिल होने देश-विदेश से सिख श्रद्धालु आए हैं।

# विधार्थियो की विशेष मांग पर पुनः एक बार कैरीयर अवेयरनेस प्रोगाम के जरिये नवचयनित अर्थ जैन ने साझा किए विद्यार्थियों से अपने अनुभव

**ग्वालियर।** दैनिक अख़बार व इंटर्नेट पोर्टल पर उपलब्ध कांटेंट की समरी का भी प्रतियोगी परीक्षाओं में विशेष महत्त्व होता है, यह बात आज मंगलवार को स्मार्ट सिटी के तहत पुनर्विकसित डिजीटल लाइब्रेरी के मुख्य हॉंल में विद्यार्थियों के लिए आयोजित मार्गदर्शन कार्यक्रम के दौरान यूपीएससी 2020 में ऑल इंडिया स्तर पर 16 वीं रैंक पाने वाले अर्थ जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए कही। स्मार्ट सिटी द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विधार्थियो को मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु इस तरह के श्रृखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इससे पहले टाउन हॉंल में भी मार्गदर्शन कार्यक्रम के जरिये अर्थ जैन नें विधार्थियो को परीक्षाओं की तैयारियो को लेकर मार्गदर्शन दिया था और अपने अनुभव साझा किये थे।



विधार्थियो की विशेष मांग पर और जो विधार्थी पूर्व में हुये कार्यक्रम मे शामिल होने से वंचित रह गये थे, उनके लिये पुनः एक बार अर्थ जैन ने कार्यक्रम के तहत परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अपना मार्गदर्शन दिया व अपने अनुभव साझा किये। अर्थ जैन नें बताया कि किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिये कड़ी मेहनत और अनुशासन बहुत जरुरी है। सफलता के लिए युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर अपनी मंज़िल प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने अपने परीक्षा सम्बंधी तैयारियों को लेकर अर्थ जैन से विभिन्न सवाल पूछे जिनको लेकर जैन नें विस्तारपूर्वक जवाब दिए और अपनी परीक्षा की तैयारी के समय के अनुभवो को साझा किया।

गौरतलब है कि ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा केन्द्रीय पुस्तकालय को डिजीटल करने के साथ ही इसकी ऐतिहासिक ईमारत के भव्य स्वरुप को कायम रखते हुये संरक्षित किया गया है। इस लाइब्रेरी में न सिर्फ़ पाठक किताबें पढ़ सकेंगे अपितु डिजिटल माध्यम से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कॉंटेंट भी पढ़ सकेंगे। जहाँ एक ओर पाठक अपने पसंदीदा विषय की पुस्तकों को पढ़ सकेंगे, वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बंधित पुस्तकों का अध्ययन भी इस पुस्तकालय में किया जा सकेगा। छात्र व प्रतिभागी रोज़गार अथवा उच्च शिक्षा हेतु ग्रुप डिस्कशन, मॉक इंटर्व्यू आदि की तैयारी भी इस आधुनिक लाइब्रेरी में कर सकेंगे। इस लाइब्रेरी में किड्स प्ले एरिया का भी प्रावधान रखा गया है, जो बच्चों को पुस्तकालय की ओर आकर्षित करने में निश्चित ही सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

श्रीमती सिंह नें स्मार्ट सिटी द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारीयो के मार्गदर्शन हेतु श्रृंखलाबद्ध तरीके से आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमो के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओ में बैठने वाले प्रतियोगियो के लिये स्मार्ट सिटी के इस तरह के आयोजन उनके कैरियर के लिये सफलता का मंत्र साबित होगे। इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में उपायुक्त भू-राजस्व बी.बी. अग्निहोत्री भी विशेष रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में रीजनल लाइब्रेरियन राकेश कुमार शर्मा व पुस्तकालय प्रबंधक विवेक कुमार सोनी नें कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियो को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

### पुलिस ने एक तस्कर को ढाई लाख की स्मैक एवं दो मोबाइल सहित दबोचा

**ग्वालियर।** उपनगर ग्वालियर थाना पुलिस ने आज एक स्मैक तस्कर को ढाई लाख रूपये कीमत की स्मैक तथा दो मोबाइल के साथ दबोचा है। पुलिस ने एनडीपीएस की धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है तथा ड्रग माफियाओं पर त्वरित कार्यवाही हेतु ग्वालियर पुलिस ने हेल्प लाईन नम्बर 7587613724 भी जारी किया है, जिस पर प्रतिदिन सूचनाएं प्राप्त हो रही है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मध्य श्रीमती हितिका वासल एवं सीएसपी ग्वालियर नागेन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देश दिये।

# शराब के नशे में पत्नी को पीटा बेटी के सामने कपड़े उतारे




**ग्वालियर।** ग्वालियर में रिश्तों को तार-तार करने वाली एक घटना हुई है। नशे में धुत एक युवक ने अपनी पत्नी की लेजम से बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद अपने सारे कपड़े उतारकर कुर्सी पर बैठ गया। 12 साल की सगी बेटी से शराब के पैग बनवाए। मासूम, पिता की हरकत पर रोती रही और डर के चलते पैग बनाती रही। घटना सोमवार रात मुरार के बड़ागांव खुरैरी में हुई है। मंगलवार को मां-बेटी मुरार थाना पहुंची है और मामले की शिकायत की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल मारपीट, छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत स्नढ्ढक्र दर्ज कर ली है। तत्काल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उपनगर मुरार के बड़ागांव खुरैरी निवासी 30 वर्षीय महिला रानी (बदला हुआ नाम) ने शिकायत की है कि उसका पति राजा ( बदला हुआ नाम) मजदूरी करता है। वह नशे का आदी है और आए दिन मारपीट करता है। वह भी बच्चों को पढ़ाने के लिए काम करती है। सोमवार को उसका पति नशे में धुत होकर लड़खड़ाते हुए घर पहुंचा। घर पहुंचते ही उससे रुपए मांगने लगा। जब उसने पैसे देने से इनकार किया तो उसकी मारपीट कर दी। जब 12 वर्षीय बेटी परी (बदला हुआ नाम) उसे बचाने आई तो उसे पास में बैठा लिया। पति ने अपने सारे कपड़े उतार दिए। जब उन्होंने विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद खुद कुर्सी पर बैठ गया और बेटी से शराब के पैग बनवाता रहा।

**रोती रही बेटी, बनाती रही पैग:** पीड़ित महिला ने बताया कि वस्त्रहीन होने के बाद आरोपी पति अपनी खुद की 12 वर्षीय बेटी से शराब के जाम बनवाए। मेरी बच्ची अपने पिता की इस हरकत पर रोती रही और डर के चलते पैग बनाती रही। जब मैंने विरोध किया तो आरोपी ने मुझे भी बेरहती से पीटा है। रात को जब आरोपी सो गया तो मां-बेटी ने घर छोड़ दिया। मंगलवार को वह मुरार थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लगाए जा रहे हैं विशेष विधिक जागरूकता शिविर

**शंकरपुर में आयोजित हुए शिविर में दी गई निश्शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी**

**ग्वालियर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विशेष विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन जारी है। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गत 2 अक्टूबर से शिविरों का आयोजन शुरू हुआ था। शिविरों का यह सिलसिला 14 नवम्बर तक जारी रहेगा। इस कड़ी में मंगलवार को शहर के वार्ड 64 के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर में विधिक जागरूकता शिवर लगाया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश प्रेम नारायण सिंह के मार्गदर्शन में इन शिविरों का आयोजन हो रहा है। अपर जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गालिब रसूल ने बताया कि शिविर में शंकरपुरवासियों को निश्शुल्क विधिक सहायता लेने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही विभिन्न कानूनी प्रावधानों और योजनाओं की जानकारी भी दी गई। नवम् अपर जिला न्यायाधीश कुलदीप जैन ने निश्शुल्क विधिक सहायता व नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्थानीय निवासियों को शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में पैरालीगल वॉलेन्टियर अतुल कुमार रायजादा ने बच्चों की शिक्षा और बाल अपराधों के संबंध में सतर्कता बरतने और कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। इसी तरह मीडिएटर प्रदीप कश्यप ने मीडिएशन के माध्यम से आपसी विवादों को हल करने का आग्रह किया। पैरालीगल वॉलेन्टियर श्रीमती शबा रहमान ने मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना एवं शासन की अन्य योजनाओं की जानकारी दी।



# लखीमपुर कांड पर सिंधिया की चुप्पी! लखीमपुर खीरी मामले में 'धन्यवाद' कहकर चले गए

**ग्वालियर।** ग्वालियर में मंगलवार को अल्प प्रवास पर आए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया है कि क्वद्भक्क उपचुनाव में चारों सीट पर जीत रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ जनता का विश्वास है। पर जब उनसे लखीमपुर खीरी के हालातों पर सवाल किया तो उन्होंने चुप्पी साध ली और धन्यवाद कहकर आगे बढ़ गए। सिंधिया का इस मुद्दे पर कुछ न कहना और खामोशी ने बहुत कुछ कह दिया है। माना जा रहा है कि अभी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को अचानक ग्वालियर अल्प प्रवास पर आए हैं। सुबह 9 बजे एयरपोर्ट पर फ्लाइट से आने के बाद वह सीधे किला स्थित गुरुद्वारा दाताबंदी छोड़ के 400 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंच गए। जहां उन्होंने गुरुद्वारे में सिर झुकाकर मत्था टेका और फिर जयविलास पैलेस पहुंचे हैं। जयविलास पैलेसे से निकलते समय केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए। मध्यप्रदेश में होने वाले उपचुनाव को लेकर कहा कि जनता का विश्वास देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ है और निश्चित ही हम इन चारों सीटों को जीतेंगे। पर इसके बाद जैसे ही सिंधिया से लखीमपुर खीरी मसले पर सवाल किया तो वह आगे बढ़ते हुए धन्यवाद कहते हुए निकल गए।



**चंबल एक्सप्रेस वे एमपी को राजस्थान की महत्वपूर्ण योजना है:** जब केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से चंबल एक्सप्रेस वे पर सवाल किया तो उनका कहना था कि पूरे ग्वालियर-चंबल संभाग के लिए चंबल एक्सप्रेस वे महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से सीधे जुड़ जाएगा। इसके लिए जमीन अधिग्रहण हो चुकी है और जल्द से जल्द कार्य शुरू होने वाला है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478